* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

13 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 324

पीएम मोदी का मणिपुर दौरा कई मायनों में अहम (पेज 2 पर)



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


# झारखंड के बकाये पर जल्द होगा फैसला: कोयला मंत्री

- केंद्र और राज्य सरकार के बीच संयुक्त कमिटी कर रही बकाये के मुद्दे पर विचार
- खान को बंद करने और झरिया मास्टर प्लान को लेकर हुई बड़ी घोषणाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा मांगी जा रही बकाया राशि के मुद्दे का जल्द ही फैसला हो जायेगा। इस पर विचार के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच संयुक्त कमिटी बनायी गयी है। इसकी दो-तीन बैठकें हो चुकी हैं और जल्दी ही कोई अंतिम फैसला हो जायेगा। केंद्रीय कोयला मंत्री शुक्रवार को यहां मीडिया से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोयला मंत्रालय का प्राथमिक उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और राज्य सरकार के अधिकारी मिलकर सभी मुद्दों पर संयुक्त निर्णय के आधार पर कार्य करेंगे।

**झरिया मास्टर प्लान को लेकर नयी पहल :** कोयला मंत्री ने धनबाद के झरिया क्षेत्र के लिए नये मास्टर प्लान की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस योजना को क्रियान्वित करेंगे। इसके तहत 60 लोगों की टीम का गठन किया गया है, जिसमें 50 नियुक्तियां कोल मंत्रालय द्वारा की जा चुकी हैं। अब राज्य सरकार को सीइओ की नियुक्ति करनी है। योजना में पुनर्वासित लोगों के लिए रोजगार, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं सुनिश्चित की जायेंगी। सीइओ की नियुक्ति के बाद मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर योजना को आगे बढ़ाया जायेगा।



## पर्यावरणीय मानकों के अनुसार खदानों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू

रेड्डी ने बताया कि मंत्रालय खदान के पानी के इस्तेमाल पर भी काम कर रहा है। झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और गोवा जैसे राज्यों में इस दिशा में प्रयास तेज किये गये हैं। देशभर में 143 कोयला खदान ऐसी हैं, जिनमें से कोयला निकाला जा चुका है, लेकिन उन्हें अब तक बंद नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर इन सभी को पर्यावरणीय मानकों के अनुसार बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अब तक नौ खदानों को बंद किया जा चुका है और अगले दो-तीन वर्षों में ऐसी सभी खदानों को बंद करने का लक्ष्य है। इसके लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि खदान बंद करने के साथ-साथ इनसे निकलने वाले पानी के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें और राज्यों को सामाजिक-आर्थिक लाभ हो।

## सीएम हेमंत से मिले कई मुद्दों पर की चर्चा

दौरे के समापन से पहले केंद्रीय मंत्री ने प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्य की कोयला खदानों के अलावा नयी खदानों और श्रमिक उत्थान से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को कोयला उद्योग की नयी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# पीएम मोदी आज मणिपुर में हिंसा प्रभावित लोगों से मिलेंगे

राज्य को 85 सौ करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर आ रहे हैं। वह यहां 8500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल आयेंगे। उधर पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचांदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

**73 सौ करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास :** मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जबकि 1200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इंफाल में विस्थापित लोगों से बातचीत भी करेंगे।



## कड़े किये गये सुरक्षा इंतजाम

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिये गये हैं। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किये गये हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया गया है।

# निकाय चुनाव के मामले में 14 अक्टूबर को तय होगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और अन्य पर नगर निकाय चुनाव संबंधी अवमाना मामले में झारखंड हाइकोर्ट 14 अक्तूबर को चार्ज फ्रेम करेगा। लेकिन चार्ज फ्रेम होने से पहले ही अलका तिवारी मुख्य सचिव पद से 30 सितंबर 2025 को रिटायर कर जायेंगी।

मुख्य सचिव अलका तिवारी 30 सितंबर को ही रिटायर कर जायेंगी

बता दें कि नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर हाइकोर्ट सख्त और गंभीर दिख रहा है। वह 14 अक्तूबर तक राज्य सरकार को एक और मौका देने का संकेत दे रहा है। कोरोना महामारी को देखते हुए राज्य सरकार ने 2020 में उन नगर निकायों में चुनाव कराने में असमर्थता जतायी थी, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। उसके बाद धीरे-धीरे राज्य के लगभग सभी नगर निकायों के कार्यकाल समाप्त हो गये।

# डॉ सीपी राधाकृष्णन बने भारत के 15वें उप राष्ट्रपति

आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को 15वें उप राष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राधाकृष्णन को शपथ दिलायी। 67 साल के सीपी राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। समारोह के बाद राधाकृष्णन ने पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। राधाकृष्णन का कार्यकाल 11 सितंबर 2030 तक होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

**53 दिन बाद दिखे जगदीप धनखड़ :** इस्तीफा देने के 53 दिन बाद पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आये।



**सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के 15वें उप राष्ट्रपति पद की शपथ लेनेवाले डॉ सीपी राधाकृष्णन को बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सीएम ने लिखाः देश के 15वें माननीय उप राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के लिए आदरणीय सीपी राधाकृष्णन जी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बता दें कि डॉ राधाकृष्णन करीब डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल रहे हैं।

# सीएम हेमंत भी शामिल होंगे जेसोवा के दीपावली मेले में



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस बार भी झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के दीपावली मेले में शामिल होंगे। यह मेला मोरहाबादी मैदान में नौ से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा। जेसोवा के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की और उन्हें दीपावली मेला में सपरिवार सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। सीएम और कल्पना सोरेन को प्रतिनिधि मंडल की सदस्यों ने मेले के दौरान आयोजित होनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। सदस्यों ने जेसोवा द्वारा किये जा रहे सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों, कार्यक्रमों और गतिविधियों की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी। प्रतिनिधि मंडल में जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी, सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य रंजना कुमार और ज्योति मंजू शामिल थीं।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (HIndi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (HIndi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE


Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

# नये विवाद में कांग्रेस, पीएम की मां का एआइ वीडियो पोस्ट किया

एआइ से बनी वीडियो में पीएम की मां को कहते हुए बताया: राजनीति के लिए कितना गिरोगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने पर मचे बवाल के बाद बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक एआइ जेनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। 36 सेकेंड के इस वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती-जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, साहब के सपनों में आयीं मां। देखिये रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है कि प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही हैं कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे। भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा कर सारी हदें पार कर दी हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी अब इतना नीचे गिर गये हैं। जैसे उनकी नकली मां है। जिन्हें अपनी मां की इज्जत का ख्याल नहीं है। वह दूसरे की मां को कहां से सम्मान देंगे। इससे 12 घंटे पहले बिहार भाजपा के हैंडल से एक एआइ जेनरेटेड वीडियो शेयर किया गया था, जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को मीडिया से बात करते हुए दिखाया गया। वीडियो में सीएम फेस को लेकर सवाल हो रहा है। इसके बाद राहुल के पीएम बनने और तेजस्वी के सीएम बनने पर दोनों बहस करते दिखाई दे रहे हैं।



# नेपाल में संसद भंग, सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री

पांच दिन की हिंसा में एक भारतीय समेत 51 लोगों की मौत

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन पर सहमति बनने की खबर है। देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रहीं सुशीला कार्की को अंतरिम पीएम नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल की मौजूदगी में जेनरेशन-जी के नेतृत्वकर्ताओं ने एक बैठक की थी। इसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी। राष्ट्रपति ने संसद को भंग कर दिया है। दिन भर चली बातचीत के दौरान मौजूदा संसद को भंग करने या न करने पर गंभीर गतिरोध हुआ।



इस बीच छह दिन से जारी हिंसा में अब तक होटल उद्योग को 16 अरब भारतीय रुपये) का नुकसान हुआ है। हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा 51 पहुंच गया है, जबकि 1500 से ज्यादा लोग घायल हैं। विरोध प्रदर्शन के पांचवें दिन 17 मौतों की पुष्टि हुई। इनमें गाजियाबाद की रहने वाली एक भारतीय महिला भी शामिल है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत विरोधी ताकतों की नजर सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी 'चिकन नेक कॉरिडोर' पर

## ■ पड़ोसी देशों में हालिया घटनाओं से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

## ■ कट्टरपंथी 'चिकन नेक कॉरिडोर' को कमजोर करने की साजिश रच रहे

## ■ कालादान प्रोजेक्ट मजबूती देगा भारत की कमजोर कड़ी को

## ■ असम के सीएम हिमंता ने भी चेताया, स्थानीय नागरिकों को भड़काने की कोशिश लगातार हो रही

आजाद सिपाही विशेष

विश्व में, खासकर भारत के पड़ोसी देशों में हो रहे हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। भारत विरोधी कई ऐसी ताकतें हैं, जो भारत को अस्थिर करने की जुगत में हैं। पहले श्रीलंका, फिर बांग्लादेश और अब नेपाल की घटना कई सवालों को जन्म देती हैं। विशेषज्ञों की मानें, तो दुनियाभर में जो सरकारें गिर रही हैं, युद्ध हो रहे हैं, उनके पीछे अमेरिकी सरकार से ज्यादा डीप स्टेट का एजेंडा छिपा हुआ है। जानकारों की मानें तो भारत का लोकतंत्र बहुत मजबूत है। भारत संविधान से चलता है। मोदी सरकार बेहतरीन काम कर रही है। भारत का नेतृत्व मजबूत हाथों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार भारत को मजबूत स्थिति में लाने का निरंतर प्रयास कर रही है। भारत हर मोर्चे पर मजबूत होता दिखाई पड़ता है, चाहे आर्थिक हो या फिर सुरक्षा। रह-रह कर भारत को अशांत करने के लिए कई सारे आंदोलन भी खड़े किये गये और भविष्य में जाते रहेंगे। उसके पीछे गहरी साजिश का भी अनुभव सरकार को हुआ। सामाजिक स्तर पर भी कई बार भारत विरोधी शक्तियों ने मोदी सरकार को निशाने पर लेने की कोशिश की, लेकिन हर बार विफल रही। पुलवामा हमला भी उसी साजिश की रणनीति थी, जहां धर्म पूछकर हिंदुओं को गोलियों से भून दिया गया था। नतीजा युद्ध हुआ और भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। भारत ने विश्व को अपनी ताकत से भी अवगत कराया। जो शक्तियां भारत को कमजोर आंक रही थी, उनका मुंह काल हो गया। लेकिन ये शक्तियां लगातार इसी प्रयास में हैं कि भारत को कैसे अशांत किया जाये। भारत बड़ी आबादी वाला बड़ा देश है। यहां भारत विरोधी शक्तियां राज्यों के हिसाब से भारत को अशांत करने के लिए प्रयासरत रहेंगी। हालिया घटनाक्रमों पर अगर नजर डाली जाये, तो भारत विरोधी ताकतों की नजर भारत की कमजोर कड़ी पर है। वह है सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानि 'चिकन नेक कॉरिडोर'। अगस्त महीने में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया था कि बांग्लादेशी कट्टरपंथी चिकन नेक कॉरिडोर को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। इसके लिए वे उन भारतीय नागरिकों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, जो कभी बांग्लादेश से पलायन कर भारत आये थे। हिमंता ने कहा था कि धुबरी की स्थिति चिंताजनक है, यहां बांग्लादेशी कट्टरपंथियों का एक वर्ग स्थानीय लोगों को भड़काने और उन्हें बांग्लादेश के प्रति निष्ठा दिखाने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है, जबकि वे बहुत पहले वहां से पलायन कर चुके हैं। क्या है यह चिकन नेक कॉरिडोर और इसपर क्यों है भारत विरोधी ताकतों की नजर बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

भारत के नक्शे में पतले से रास्ते के तौर पर दिखने वाला रूट ही चिकन नेक कहलाता है। यह पश्चिम बंगाल में है। संकरे रूट के रूप में दिखने और संवेदशील क्षेत्र होने के कारण ही इसे चिकन नेक कहते हैं। चिकन नेक पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को शेष भारत से जोड़ने वाला एकमात्र भूभाग है। इसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी कहा जाता है। यह भारत के पश्चिम बंगाल में एक पतला भूभाग है, जो उत्तर-पूर्वी राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। यह क्षेत्र भौगोलिक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह कॉरिडोर अपने सबसे संकरे बिंदु पर केवल 22 किलोमीटर चौड़ा है और इसकी सीमा उत्तर-पश्चिम में नेपाल और उत्तर-पूर्व में भूटान से लगती है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर का महत्व इसकी रणनीतिक स्थिति में निहित है, क्योंकि यह एकमात्र ऐसा भू-मार्ग है, जो भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर राज्यों के शेष भारत के साथ आर्थिक (व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके बीच एकमात्र रेलवे माल ढुलाई लाइन है) और राजनीतिक एकीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत का यह पूर्वोत्तर भाग भूटान, चीन, म्यांमार और बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करता है। यह क्षेत्र तेल, गैस और खनिजों सहित प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। यहां विविध जातीय और भाषाई समूह रहते हैं। सुरक्षा के लिहाज से ये इलाका काफी संवेदनशील है।

चिकन नेक क्षेत्र में भारतीय सेना, वायुसेना और सीमा सुरक्षा बल की मजबूत मौजूदगी है। इस इलाके में भारत की मिसाइलें, एडवांस रडार और अन्य सुरक्षा प्रणाली तैनात हैं, जो भारत की पूर्वी सीमा को सुरक्षित रखने का कार्य करती हैं। इसके अलावा असम राइफल्स और बंगाल पुलिस भी सीमाओं का सरंक्षण करती है। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की रक्षा करने की जिम्मेदारी निभा रही है।





### बांग्लादेश ने चीन को लालमोनिरहाट जिले में एयरबेस बनाने का प्रस्ताव दिया था

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस जब मार्च महीने में चीन के दौरे पर गये थे, वहां उन्होंने बांग्लादेश में आर्थिक निवेश बढ़ाने को कहा और चिकन नेक का जिक्र किया था। इसके बाद से कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर नयी बहस छिड़ गयी है। बांग्लादेश की चीन से करीबी सिलीगुड़ी कॉरिडोर के लिए बड़ा खतरा है। भारत की चिकन नेक पर बांग्लोदश और चीन के इरादे नेक नहीं हैं। बांग्लादेश के मुखिया मोहम्मद यूनुस की चीन की यात्रा से उनके नापाक मंसूबे सामने आये थे। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत की सीमा के करीब लालमोनिरहाट जिले में एयरबेस बनाने का प्रस्ताव दिया था। लालमोनिरहाट भारत के चिकन नेक कॉरिडोर के पास है। अब इसी की काट भारत ने तैयार कर ली है। उसने कालादान प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने के लिए कमर कस ली है।

### कालादान प्रोजेक्ट

क्या लालमोनिरहाट में चीन अपना एयरबेस बना रहा है, यह सवाल फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है। अगर यह प्रोजेक्ट पूरा होता है, तो इसका सीधा सा मतलब है कि चिकन नेक और भारत की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। चीनी सेना यहां पहुंचती है, तो वह पश्चिम बंगाल के करीब पहुंच जायेगी, यानी भारत के आसपास के इलाके में उसकी मौजूदगी मजबूत हो जायेगी। बांग्लादेश के लालमोनिरहाट के एक एयरबेस को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा तेज है कि बांग्लादेश इसे फिर से सक्रिय करने पर विचार कर रहा है। ऐसे में जब अगस्त महीने में भारत की लोकसभा में इससे संबंधित सवाल किया गया था, तो केंद्र सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। संसद में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा था कि भारत ने इस विषय पर बांग्लादेश की हालिया प्रेस ब्रीफिंग का संज्ञान लिया है। मंत्री ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हर घटनाक्रम पर पैनी नजर रख रही है और जरूरत के अनुसार सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। हालांकि 26 मई को बांग्लादेश सेना के सैन्य संचालन निदेशक ने कहा था कि लालमोनिरहाट एयरबेस को सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाने की कोई योजना नहीं है।

### अब समझिए क्यों खास है लालमोनिरहाट एयरबेस

गौरतलब है कि लालमोनिरहाट एयरबेस भारत-बांग्लादेश सीमा से केवल 12-20 किलोमीटर और सिलीगुड़ी कॉरिडोर से करीब 135 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह एयरबेस ब्रिटिश काल में 1931 में बना था और द्वितीय विश्व युद्ध के समय काफी अहम भूमिका निभा चुका है। फिलहाल यह बांग्लादेश वायुसेना के अधीन है, लेकिन कई दशकों से निष्क्रिय पड़ा है।

### क्या है कालादान प्रोजेक्ट के पीछे भारत की सोच

कालादान प्रोजेक्ट को भारत ने अंजाम तक पहुंचाने की पूरी तैयारी कर ली है और हाल ही में इस पर म्यांमार के अधिकारियों के साथ चर्चा तेज कर दी है। दरअसल, चीन और बांग्लादेश की जुगलबंदी से चिकन नेक को लेकर भविष्य में चुनौती खड़ी करने की कोशिश हो सकती है। ऐसे में भारत ने समंदर के रास्ते भी पूर्वोत्तर के राज्य से जोड़ने का वैकल्पिक रास्ता तैयार करना शुरू कर दिया है। भारत और म्यांमार के बीच स्थित कालादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह भारत की भू-राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा है। यह परियोजना भारत के लिए सामरिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर उस समय जब चीन अपने पड़ोसी देशों में गहरी घुसपैठ कर रहा है और बांग्लादेश जैसे पुराने सहयोगी देश भी अब चीन के प्रभाव में हैं।

### सित्तवे पोर्ट पर भारत का नियंत्रण, जो बनेगा अहम

भारत ने म्यांमार के सित्तवे पोर्ट का निर्माण किया और उसका ऑपरेशनल कंट्रोल भारत के पास है। इस पोर्ट को भारत के लिए चीन के कयाकफ्यू पोर्ट के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। इससे न केवल भारत की नौसैनिक पहुंच म्यांमार तक बढ़ती है, बल्कि पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक सुरक्षित सप्लाई चेन भी बनती है।

### भारत ने खत्म की पुरानी व्यवस्था, जानिए वजह

दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने मार्च महीने में चीन का दौरा किया था। वहां उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य लैंड लॉक्ड (जमीन से घिरे हुए) हैं और समुद्र तक उनकी पहुंच का एकमात्र रास्ता बांग्लादेश है। यूनुस ने चीन को बांग्लादेश की स्थिति का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया था। मोहम्मद यूनुस ने चीन में जिनपिंग सरकार को भारत के बॉर्डर के करीब लालमोनिरहाट जिले में एयरबेस बनाने का प्रस्ताव दिया था। रणनीतिक तौर पर लालमोनिरहाट बेहद संवेदनशील है। यह चिकन नेक कॉरिडोर के पास है, जो भारत के प्रमुख हिस्से को पूर्वोत्तर के राज्यों से जोड़ने का काम करता है। सुरक्षा के लिहाज से इसे बेहद खास माना जाता है। यूनुस की यह टिप्पणी भारत को नागवार गुजरी थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव भी देखने को मिला था।

### असम के मुख्यमंत्री चिकन नेक कॉरिडोर को लेकर मुखर

अगस्त महीने में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया था कि बांग्लादेशी कट्टरपंथी चिकन नेक कॉरिडोर को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि धुबरी जिले में दीवारों पर बांग्लादेश के समर्थन में नारे लिखे गये, जिससे स्थानीय नागरिकों को भड़काने की कोशिश हो रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही की यात्रा के दौरान उन्होंने दीवारों पर लिखे ऐसे नारे देखे, जिनमें लोगों से बांग्लादेश के प्रति निष्ठा दिखाने की अपील की गयी थी।

# पीएम मोदी का मणिपुर दौरा कई मायनों में अहम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जातीय हिंसा के दो साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर का दौरा करने जा रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है, क्योंकि, विपक्षी दल लगातार प्रधानमंत्री की चुप्पी पर आलोचना करते आ रहे थे। पीएम मोदी के इस दौरे को निर्धारित करने में कई तरह की रणनीति बनायी गयी है। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सबसे अधिक फोकस किया गया है। इस बीच प्रमुख कुकी-जो समूहों ने भी प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे का स्वागत किया है और इसे ऐतिहासिक और दुर्लभ अवसर बताया है। बता दें कि मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।



**दो विरोधी जातियों के बीच सहमति नहीं बनने के कारण यात्रा टलती रही :** पीएम मोदी की मणिपुर यात्रा से पहले कई अहम कदम उठाये गये। रिपोर्ट के मुताबिक पीएम की यह यात्रा संसद के मानसून सत्र से पहले करने की तैयारी थी। लेकिन राज्य की दो विरोधी जातियों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण यह यात्रा फाइनल नहीं हो सकी। इसके बाद फिर सरकार और कुकी समुदाय के बीच लगातार बैठकें हुईं। जिसका परिणाम यह हुआ कि कुकी समुदाय के साथ कुछ अहम मुद्दों पर बात बन गयी। इसके तहत कुकी समुदाय के जो संगठनों कुकी नेशनल आर्गेनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) ने अगले एक साल के लिए सभी ऑपरेशन निलंबित करने पर सहमति दे दी। इसके साथ ही कुकी और जो समुदायों से जुड़े कुकी-जो परिषद ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को यात्रियों और आवश्यक वस्तुओं की मुक्त आवाजाही के लिए खोलने का फैसला किया। राष्ट्रपति शासन के बाद से लगातार शांति स्थापित करने की कोशिश ।

इस साल 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद किये गये सतत प्रयासों और पिछले तीन-चार दिनों से गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ केएनओ और यूपीएफ के प्रतिनिधियों की सघन बातचीत के बाद त्रिपक्षीय समझौते पर सहमति बनी थी। इस समझौते के बाद ही पीएम मोदी की यात्रा फाइनल की गयी। यह समझौता एक साल के लिए लागू होगा। गौरतलब है कि इन कुकी गुटों के साथ 2008 में ही एसओएस पर समझौता हुआ था, जिसे हर साल बढ़ाया जा रहा था। लेकिन हिंसा के कारण 2024 में इसे बढ़ाया नहीं गया था और अब नयी शर्तों के साथ एसओएस पर समझौता हुआ है।

### पीएम के लिए चुराचांदपुर जिला क्यों चुना गया

मणिपुर के चुराचांदपुर का चयन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जिला हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित जिलों में से एक था, जिसमें कम से कम 260 लोगों की जान चली गयी और हजारों लोग विस्थापित हो गये। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री इंफाल के चुराचांदपुर में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। वे कांगला में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने चुराचांदपुर जिले में एयर गन पर बैन लगा दिया है। यहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। प्रधानमंत्री चूड़ाचांदपुर से लगभग 2.30 बजे मणिपुर की राजधानी इम्फाल जायेंगे, यहां वह 1,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे।

### हमारे घावों को भरने, हमारी गरिमा को बहाल करने...

प्रमुख कुकी-जो समूहों ने भी प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे का स्वागत किया है और इसे ऐतिहासिक और दुर्लभ अवसर बताया है। समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों में से एक कुकी-जो काउंसिल ने दावा किया कि मोदी का यह दौरा किसी प्रधानमंत्री के इस क्षेत्र में आने के लगभग चार दशक बाद हो रहा है। काउंसिल ने मोदी के दौरे का उल्लेख करते हुए कहा, हमारे घावों को भरने, हमारी गरिमा को बहाल करने और कुकी-जो लोगों के भविष्य की सुरक्षा के लिए हम आपके नेतृत्व पर भरोसा करते हैं। कुकी-जो समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले कई अन्य संगठनों ने भी प्रधानमंत्री के दौरे की सराहना की, लेकिन उनके स्वागत में नृत्य कार्यक्रम की योजना का विरोध किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.1°c | 23.6°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.56 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.34 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# सरकारी सुविधा मिली तो बिरहोर परिवारों में लौटी खुशियां

- राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक स्व कृष्णा सिंह की रही है बड़ी भूमिका
- आंगनबाड़ी केंद्र और नवसृजित प्राथमिक स्कूल खुलने के बाद बिरहोर बच्चे हो रहे शिक्षित
- अब आय का श्रोत बढ़ाने के लिए लाठी, दातून, कृषि, जड़ी-बूटी बाजार में बेचती हैं बिरहोर महिलाएं
- आवास का लाभ मिले तो जर्जर आवास में रहने से मिल सकता है छुटकारा
- हाल : नगर परिषद के वार्ड दो स्थित झरनाकुंड बिरहोर कॉलोनी का
- झरनाकुंड आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का काम कर रही मिनिता बिरहोरिन बनी आदर्श

सतीश कुमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लुप्तप्राय आदिम जाति बिरहोर परिवार को सरकारी सुविधा मिली तो उनकी दशा में भी भारी बदलाव देखने को मिलने लगा है। अब समाज की मुख्य धारा से जुड़कर महिलाएं बच्चों को पास के स्कूल भेज रही हैं। वह भी शिक्षा के महत्व को समझने लगी हैं। इसके अलावा रहन- सहन, खान - पान, शराब से तौबा करने, आय का श्रोत बढ़ाने के लिए खेती - बारी, दातून, लाठी, पत्ता, जड़ी-बूटी बेचने का कार्य कर रही हैं। अधिकांश विरहोर परिवार आखेट, दातून, जड़ी-बूटी पर निर्भर हैं। कुछ बच्चे को छोड़ पूरे बदन वस्त्र पहनते हैं,जो साफ-सुथरा भी रहता है। पर बिरहोर परिवारों के लिए सरकार द्वारा झरनाकुंड में मुहैया कराये गये बिरसा आवास जर्जर हो गये हैं, चार चापाकल में दो खराब हैं। दो चापाकल चालू हालत में है, जिसके सहारे पानी पीते हैं।

**42 परिवार के 250 सदस्य करते हैं निवास :** करीब 42 बिरहोर परिवार यहां निवास करते हैं। इनमें करीब 250 सदस्य हैं। लेकिन खानाबदोश की जिंदगी गुजारने वाले इस परिवार का सही-सही आकलन करना मुश्किल है।

मिनिता बिरहोरिन है सहायिका आंगनबाडी केंद्र की सहायिका मिनिता बिरहोरिन है और वह पढ़ना-लिखना भी जानती है। साक्षरता के मामले में बिरहोरों की स्थिति में अब सुधार हो रहा है। केंद्र में 43 विरहोर बच्चे क से कबूतर, ख से खरगोश, ग से गमला......., ए से एप्पल, बी से बॉल...., एक, दो, तीन ,चार.....पढ़ते नजर आते हैं।

**नवसृजित प्राथमिक स्कूल में भी बच्चे अध्ययनरत :** नवसृजित प्राथमिक स्कूल झरनाकुंड में बिरहोर बच्चे अध्ययनरत हैं। ये बच्चे अब सिलेबस की किताबों को अध्यन कर रहे हैं। इसके लिए सरकारी शिक्षक उपलब्ध कराये गये हैं।

### शिक्षक स्व कृष्णा सिंह की रही है बड़ी भूमिका

बिरहोर कॉलोनी के बच्चों को शिक्षा के जरिए समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत स्व कृष्णा सिंह की बड़ी भूमिका रही है। कभी पैदल, तो कभी साइकिल से बिरहोर कॉलोनी पहुंचते और बिरहोर बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराते। तब सही से आवागमन की भी बढ़िया से व्यवस्था नहीं रहती थी। अब तो पक्की रोड बन गयी है। उस वक्त उनके लिए फटेहाली, तंगहाली का दौर था और पूरी तरह समाज से कटे रहते थे। जंगल ही तब आय का मुख्य श्रोत था।

### क्या कहती हैं पोषण सखी और सहायिका ?

आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका मिनिता बिरहोरिन और पोषण सखी मुन्नी देवी बताती है कि केंद्र और प्राथमिक स्कूल खाने के बाद शिक्षा के प्रति गहरा लगाव हुआ है। बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक स्कूल में अध्ययनरत हैं। इनके रहन - सहन, खान-पान में बड़ा सुधार हुआ है। नयी पीढ़ी शराब को तौबा कर रहे हैं। कुछ बुजुर्ग लोग इसके आदि हैं। महिलाएं बाजार में जड़ी-बूटी, पत्ता, लाठी, दातून बेच आय बढ़ाने में जुटी हैं।

# राज्य में बालू घाटों को माफियाओं के हवाले करने की साजिश : बाबूलाल

- बालू घाटों का अधिकार ग्राम सभा को दे राज्य सरकार
- लूटने और लुटवाने की मंशा रखने वाले पदाधिकारी, सचिव जायेंगे जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर एकबार निशाना साधा है। मरांडी ने राज्य के 500 से अधिक बालू घाटों की नीलामी के संबंध में राज्य सरकार द्वारा बनाये गये नियमावली पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा ऐसा लगता है नियम माफिया, दलाल, बिचौलिए बना रहे और राज्य के मंत्री और वरीय पदाधिकारी उस पर आंख मूंद कर हस्ताक्षर कर रहे। उक्त बातें बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि ऐसा अगर नहीं होता तो फिर राज्य सरकार जो स्थानीय युवकों, बेरोजगारों को निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी दिलाने, 25 लाख तक के ठेका-पट्टा स्थानीय युवकों, बेरोजगारों को देने की बात करती है, वही सरकार बालू घाटों की नीलामी, बंदोबस्ती के लिए ऐसा नियम बनाती है जिसमें गरीब, बेरोजगार, आदिवासी, दलित पिछड़े वर्ग के लोग भाग ही नहीं ले सकें। उन्होंने कहा कि आज भले ही उच्च न्यायालय ने पेसा कानून नहीं लागू किये जाने के कारण बालू घाटों की नीलामी पर रोक लगायी है लेकिन राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट हो गयी कि यह सरकार ग्राम सभा को अधिकार नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बालू घाटों को जिला स्तर पर समूह में बांटा है। जैसे गोड्डा जिला में 16 घाट ए समूह में हैं, जामताड़ा में 15 घाट ए में और 5 घाट बी समूह में, दुमका जिला में 14 घाट ए,12 बी और 5 सी में, सरायकेला के 4 ए 7 बी, पूर्वी सिंहभूम के 3 ए और 2 बी, उसी प्रकार गिरिडीह जिला में 3 घाट ए, 2 घाट बी, 3 घाट सी, 6 घाट डी और 2 घाट इ समूह में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसमें भी लूट का बड़ा खेल रचा गया है। पहले तो नीलामी की निविदा में आवेदन के लिए 15 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के टर्नओवर का शर्त लगायी गयी। ठीक उसी प्रकार जैसे कि शराब ठेका के लिए 25 लाख रुपये के नॉन रिफंडेबल शुल्क निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले ही पत्र लिखकर चेताया था लेकिन बात नहीं मानने का परिणाम है कि राज्य के एक वरीय आइएएस अधिकारी, सचिव जेल में हैं। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।

# भाजपा का आरोप बेबुनियाद, बालू घाट प्रबंधन में पारदर्शिता लाने को प्रतिबद्ध हेमंत सरकार : विनोद पांडेय

## बाबूलाल मरांडी निराधार आरोपों के बजाय राज्य के विकास में रचनात्मक सुझाव दें

- हेमंत सोरेन सरकार ने बालू घाटों के लिए जो नयी नियमावली बनायी है, उसका मकसद पारदर्शिता और अवैध उत्खनन पर रोक लगाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि वे तथ्यों से परे और भ्रामक बयान देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने बालू घाटों के प्रबंधन और नीलामी के लिए जो नयी नियमावली बनायी है, उसका मकसद पारदर्शिता और अवैध उत्खनन पर रोक लगाना है। भाजपा शासन में वर्षों तक बालू माफिया बेखौफ सक्रिय रहे, तब बाबूलाल मरांडी ने चुप्पी साधे रखी थी। अब जब सरकार ने व्यवस्थित व्यवस्था बनायी, तो उन्हें गरीब, आदिवासी और युवाओं की अचानक चिंता होने लगी।

पांडेय ने कहा कि पेसा कानून लागू करने और ग्राम सभा को अधिकार देने के प्रति हेमंत सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है। लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में पारदर्शिता और पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना भी समान रूप से जरूरी है। नयी नीति में समूह आधारित नीलामी से भ्रष्टाचार और बंदरबांट की संभावना खत्म होगी और राजस्व बढ़ेगा, जिससे गांवों के विकास और युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर खर्च हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को यह स्वीकार करना चाहिए कि उनकी पिछली सरकारों के समय बालू घाटों से होने वाली अवैध कमाई ने ही दलालों और माफियाओं को पनपने दिया। हेमंत सरकार ने ऐसी प्रवृत्तियों पर लगाम कसने के लिए कड़े प्रावधान किये हैं। आइएएस अधिकारियों का नाम घसीटना बाबूलाल मरांडी की हताशा को दिखाता है।

झामुमो ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है और बालू घाटों के अधिकार ग्राम सभा के साथ-साथ राज्य के कानूनी ढांचे के तहत ही निर्धारित होंगे। बाबूलाल मरांडी निराधार आरोपों के बजाय राज्य के विकास में रचनात्मक सुझाव दें।

## उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने बधाई दी



रांची (आजाद सिपाही)। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। खीरू महतो ने कहा की उपराष्ट्रपति के अनुभव का देश और संसद को लाभ मिलेगा। झारखंड और महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है, उपराष्ट्रपति के तौर पर हम उनके सार्थक कार्यकाल की कामना करते हैं।

# विश्वकर्मा पूजा के दौरान सुरक्षा को लेकर अलर्ट, सभी एसपी को दिया गया टास्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में विश्वकर्मा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार ने रिपोर्ट तैयार कर अलर्ट किया है। सभी जिलों के एसपी को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर टास्क दिया गया है। स्पेशल ब्रांच आइजी ने रिपोर्ट में लिखा है कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दौरान कई जगहों पर पंडाल बनाकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस कारण भीड़-भाड़ होने की संभावना रहती है। इसके अलावा औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनायी जाती है। इस दौरान पूजा के अवसर पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजी बजाने या आपत्तिजनक नारेबाजी को लेकर संवेदनशील स्थानों में विवाद या तनाव उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा देखा जाता है कि जुलूस में शामिल बहुत से युवक नशे का सेवन करते हैं तथा उन युवकों द्वारा निर्धारित मार्ग से भिन्न मार्ग में जुलूस लेकर जाने का प्रयास किया जाता है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान जलाशयों में निगरानी रखने की आवश्यकता है। इसके अलावा असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास भी किया जा सकता है, जिस पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। स्पेशल ब्रांच ने जिलों के एसपी से पूजा पंडाल व संवेदनशील स्थल के बारे में जानकारी मांगने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी मांगी है, ताकि गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृष** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# साहिबगंज में अपराधियों ने घर में घुसकर युवक को मारी गोली, मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने एक शख्स को घर में घुसकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक का नाम राजकुमार यादव था। अपराधियों ने गोली उसकी दाहिनी आंख के ऊपर मारी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। राजकुमार यादव मजदूरी करके अपनी मां और 14 वर्षीय पुत्र का पालन-पोषण करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीस कुमार पांडेय को सूचना दी। पुलिस बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों से पूछताछ की गयी, लेकिन किसी ने भी कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया।

सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की भी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि यह हत्या जमीन से संबंधित विवाद के कारण हुई हो सकती है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली भी बरामद की है और आगे की जांच जारी है।

# हजारीबाग मामले में आइएएस विनय चौबे की बेल पर लंबी बहस के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग डीसी रहते हुए सेवायत भूमि घोटाला करने के आरोपी निलंबित आइएएस विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान एसीबीआर और बचाव पक्ष की ओर से लंबी बहस की गयी। दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। विनय चौबे की ओर से अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने बहस की। वहीं, एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अभिषेक कृष्ण गुप्ता ने बहस की। विनय चौबे ने जिस मामले में हजारीबाग एसीबी कोर्ट से बेल मांगी है उस मामले में अगस्त महीने प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है।

# झारखंड के मुख्यमंत्री से दरगाह कमेटी के सदस्यों ने की मुलाकात, किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के डोरंडा स्थित हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के सदस्यों ने शुक्रवार को मुलाकात की और 11 सितंबर से चल रहे पांच दिवसीय 218 वां सालाना उर्स मुबारक के तहत 14 सितंबर को चादरपोशी और कव्वाली मंच के उद्घाटन समारोह में मुख्य संरक्षक के तौर पर शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस दौरान दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के लिए विशेष शोक सभा का भी आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के सदर अयूब गद्दी, महासचिव मो जावेद अनवर, रिजवान हुसैन, जुल्फिकार अली भुट्टो, मो सादिक, पप्पू गद्दी, शाहिद खान, समीर हेजाजी और मुश्ताक आलम शामिल थे।

# पाकुड़ में सीएसपी संचालक से 7 लाख की लूट, लैपटॉप भी ले गये बदमाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालक रंजीत भगत से लूटपाट की। यह वारदात सिंगारसी पंचायत अंतर्गत पकलो गांव के पास बोका मोड़ पर उस समय हुई, जब रंजीत भगत अपने केंद्र की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोककर हथियार के बल पर करीब 7 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप और उनकी बाइक लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के दसगोड़ा की ओर फरार हो गये।

सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आयी है कि बदमाशों ने रंजीत भगत की पहले से रेकी कर रखी थी। वे रोजाना बाइक से अपने सीएसपी केंद्र जाया करते थे। पुलिस ने छापेमारी के दौरान बदमाशों की एक बाइक और लूटी गयी बाइक को बरामद कर लिया है। फिलहाल तीनों आरोपी लिट्टीपाड़ा और अमड़ापाड़ा के बीच स्थित जंगल में छिपे हुए बताये जा रहे हैं। उनकी तलाश में पुलिस स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जंगल की घेराबंदी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 13 सितंबर, 2025

www.azadsipahi.in




## बड़कागांव में स्व. शिबू सोरेन फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सेहदा गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से स्वर्गीय शिबू सोरेन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने किक मारकर किया। वहीं मुख्य अतिथि संजय सिंह को आदिवासी समुदाय के द्वारा पारंपरिक ढोल नगाड़ों और सखुवा पत्ता से बनाये गये मुकुट और माला पहना कर स्वागत किया गया। उद्घाटन मैच सेहदा और टिलहवा के बीच खेला गया। जिसमें सेहदा के टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टिलहवा को दो गोल से हरा दिया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग ली हैं। फाइनल मैच कल रविवार को खेला जायेगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को खस्सी और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेल खेले। इस तरह के प्रतियोगिता होने से एक दूसरे गांव की मित्रता बढ़ती है यहां के खिलाड़ियों में काफी हुनर है। बस उन्हें सही मंच मिलने की आवश्यकता है मौके पर आयोजक टीम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष चुरामन गंझु, सचिव राजेश हंसदा, संजय भुईंया, इंद्रदेव राम, मुखिया बासुदेव यादव, फलेंद्र गंझु, विजय सोरेन, बैजनाथ कुमार, विकास भोक्ता, सुरेश हंसदा, विजेंद्र हंसदा, अजय हंसदा, महेश गंझु, कैलाश गंझु, दीपक हेंब्रम, प्रदीप हेंब्रम, लखन गंझु, महालाल हेंब्रम, नरेश भोक्ता, महादेव गंझु, राजकुमार मरांडी, अनिल गंजू, कृष्णा भोक्ता, विनोद हंसदा, प्रदीप हंसदा, राजकुमार मरांडी, आनंद हेंब्रम, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## दानापुर राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का कोडरमा तक विस्तार का शुभारंभ




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत 13233 दानापुर राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का कोडरमा तक विस्तार का शुभारंभ शुक्रवार से कर दिया गया। शुभारंभ के मौके पर क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य रामरतन महर्षि धनबाद रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। ट्रेन के विस्तारीकरण को लेकर कोडरमा स्टेशन पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी ने कार्यक्रम को न सिर्फ फीका बना दिया, बल्कि समारोह स्थल पर स्थानीय भाजपा नेताओं की गैर मौजूदगी ने आम नागरिकों को भी काफी निराश किया। सभा स्थल पर खाली पड़े स्टेज व खाली पड़ी कुर्सियों को देख लोग मायूस होकर अपने-अपने घर लौट गये। इधर कार्यक्रम को लेकर धनबाद रेल मंडल से मिले निर्देश के बाद स्टेशन परिसर पर लगे टेंट व कुर्सियों को आनन-फानन में जल्दी-जल्दी हटाया गया।चुकी ट्रेन के विस्तार का कार्यक्रम तय था इसलिए किसी तरह सलाहकार समिति सदस्य रामरतन महर्षि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कराया गया। हालांकि कार्यक्रम को लेकर धनबाद रेल मंडल से पहुंचे सहायक वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार, सीटीआइ बच्चा सिंह ने कहा कि तय कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन को हरी झंडी दिखायी गयी है। मौके पर संतोष कुमार, चंद्रशेखर जोशी, चंद्रभुषण साव मौजूद थे। वहीं सहायक वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि यात्रियों की मांग और सुविधा को देखते हुए यह बड़ा कदम उठाया गया है। अब राजगीर से कोडरमा और कोडरमा से दानापुर तक सीधा रेल सफर संभव होगा।

## बाल सुधारगृह में बंद नाबालिग हुआ जख्मी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग संप्रेषण गृह एक बार फिर चर्चा में है। जहां गिरिडीह से आया एक नाबालिक ने खुद को जख्मी कर लिया। जिसके गले में गंभीर चोट भी है। उसे गंभीर अवस्था में भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि वह गुरुवार को ही गिरिडीह से हजारीबाग लाया गया था। सुबह शौचालय में उसे गिरा हुआ पाया गया। संप्रेषण गृह के सुरक्षा में तैनात एएसआइ संजीव कुमार ने बताया कि हर दिन की भांति शुक्रवार को बाल बंदी सुबह शौचालय के लिए गये हुए थे। सुबह में संप्रेषण गृह का साफ-सफाई भी हुआ था। इस दौरान दूसरे बालबंदी ने शौचालय में नाबालिक को गिरा हुआ देखा। इसकी सूचना प्रशासन को दी गयी। जिसे आनन फालन में हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना को लेकर संप्रेषण गृह के पदाधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर बाल कैदी ने इस तरह का कदम क्यों उठाया।

## चाणक्य आइएएस अकादमी में दुर्गा पूजा पर विशेष ऑफर, कोर्स फीस पर मिल रही भारी छूट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर चाणक्य आइएएस अकादमी ने छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर प्रस्तुत किया है। देश की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में से एक, चाणक्य आइएएस अकादमी ने, यूपीएससी, जेपीएससी और बीपीएससी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए कोर्स फीस पर विशेष छूट की घोषणा की है। इस विशेष ऑफर के तहत इच्छुक अभ्यर्थियों को सीमित समय के लिए कोर्सेज की फीस में भारी रियायत दी जा रही है। संस्थान के अनुसार, यह छूट दुर्गा पूजा के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए दी जा रही है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस मौके का लाभ उठा सकें और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ा सकें। चाणक्य आइएएस अकादमी वर्षों से सिविल सेवा परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी करवा रही है और अब तक काफी संख्या में इस संस्थान से अफसर बन चुके है। यह छूट नये बैचों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए लागू होगी और इसमें प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू की संपूर्ण तैयारी शामिल है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यह पहल उन छात्रों के लिए खास है, जो आर्थिक कारणों से बेहतर मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं। दुर्गा पूजा जैसे शुभ समय में हम चाहते हैं कि हर मेहनती छात्र तक गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंचे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए इच्छुक विद्यार्थी चाणक्य आइएएस अकादमी हजारीबाग इंस्टीट्यूट में संपर्क कर सकते हैं।

# हजारीबाग में पुलिस और अधिवक्ता आमने-सामने

**प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषी अधिवक्ताओं का बार लाइसेंस रद्द करने की मांग भी की है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच तनाव लगातार गहराता जा रहा है। गुरुवार शाम हुई खींचतान के बाद शुक्रवार को दोनों पक्षों की ओर से बैठकों का दौर जारी रहा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन की प्रदेश कमेटी हजारीबाग पहुंची। प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट करना कायरता की निशानी है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा मानवाधिकार और सुरक्षा पर भरोसा करते हैं, लेकिन हमें भी यह नहीं भूलना चाहिए कि हम सब भी किसी के बेटे हैं, ऊपर से नहीं आए हैं। न्यायालय के कमरे में जवान को पीटना कहां तक सही है। मुर्मू ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना से पुलिस कर्मियों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषी अधिवक्ताओं का बार लाइसेंस रद्द करने की मांग भी की है। वहीं, पीड़ित एसआइ मनोज कुजूर की ओर से सदर थाना में आवेदन दिया गया है। इसमें हाफ मर्डर और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया है। अब सभी की निगाहें अधिवक्ता पक्ष पर टिकी हैं। वे अपनी सफाई और अगली रणनीति को लेकर क्या कदम उठाते हैं, इस पर मीडिया की नजर लगातार बनी हुई है।

### झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की जिला स्तरीय बैठक

## सेविका सहायिकाओं को न्यूनतम वेतन मिले : सीटू

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को साहु धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद व संचालन जिला सचिव वर्षा रानी ने की। बैठक में सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के तहत आंगनबाड़ी की स्थापना का 50 वर्ष 2 अक्टूबर को पूरा हो रहा है। इस अवसर पर जब आंगनबाड़ी को और मजबूत करने की जरूरत है, ऐसे में केन्द्र सरकार आईसीडीएस को समाप्त करने की साजिश कर रही है। आम जनता के साथ महंगाई की मार झेल रही सेविका सहायिकाओं को पिछले 9 सालों में उनके मानदेय में मोदी सरकार ने एक रुपए की बढ़ोतरी नहीं की है, उल्टा बजट में समाज कल्याण के आवंटन में लगातार कटौती की जा रही है। उपर से डिजिटलीकरण के नाम पर लाभुकों का ई-केवाईसी और फेस कैप्चरिंग (एफआरएस) करने के चलते सेविका को आत्महत्या करने और नौकरी छोड़ने को विवश किया जा रहा है। तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मी का दर्जा देने के लिए सीटू की गुजरात ईकाई द्वारा दायर याचिका पर गुजरात हाईकोर्ट ने सेविका को 24800 रुपए और सहायिका को 20800 रुपए देने का आदेश दिया है, जो झारखंड में भी लागू होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि गांवों में सर्वाधिक गरीब और जरूरतमंद लोगों के पास मोबाइल फोन नहीं है और अनेक के आधार नंबर मोबाइल से लिंक नहीं हैं। कभी फोन में रिचार्ज नहीं होता और ओटीपी प्राप्त करना लगभग असंभव हो जाता है। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि आंगनबाड़ी को स्कूलों के साथ टैग करने का निर्णय आईसीडीएस को समाप्त करने की साजिश है। बैठक में आईसीडीएस के 50 वर्ष पूरा होने पर 5 अक्टूबर को जिला सम्मेलन करने निर्णय लिया गया। इसके पूर्व सभी परियोजनाओं का सम्मेलन करने का भी प्रस्ताव लिया गया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष संतोषी चन्द्रवंशी, संयुक्त सचिव मंजू मेहता, उर्मिला देवी, संध्या वर्णवाल, कविता यादव, नीलम यादव, संध्या कुमारी, सुनीता देवी, मीना एक्का, कांति देवी, रेश्मा बानो, अफसाना खातुन, शबाना कौशर, नाजमा खातुन, वीणा, मंजू देवी, अर्चना, बबीता, शर्मिला, रामदुलारी, नाजरा प्रवीण, अनीता, आशा, अहिल्या, रीना सिन्हा, उमा मोदी, कैलाश किशोर, बाबुलाल राजवंशी सहित बड़ी संख्या में सेविका सहायिका मौजूद थे।

## कार से अवैध गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**कुल 65 पैकेट में 39.5 किग्रा गांजा बरामद हुआ इस गांजा का बाजार मूल्य लगभग चार लाख रुपये है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक कार से लाखों रूपये का अवैध गांजा को जब्त किया। इस बात की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार बिमल ने बरकट्ठा थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग का मारूती सुजूकी कंपनी की इरटिगा गाड़ी जो चंडीगढ़ नंबर का है। जीटी रोड होते हुये काफी तेज गति से बरकट्ठा की ओर जा रही है जिसमें भारी मात्रा में अवैध गांजा लोड है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में एक छापामारी दल को गठित किया गया जिसमें पुलिस निरीक्षक बरकट्ठा इमदाद अंसारी और थाना प्रभारी बरकट्ठा पंकज सिंदुरीया के थाना के पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा सूचना के आधार पर रात्रि करीब 09 बजे चेकिंग के दौरान थाना गेट के सामने सिल्वर रंग की इरटिगा गाड़ी को रोका गया और उक्त वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में विभिन्न जगहों में छिपाकर रखे गये। कुल 65 पैकेट में 39.5 किग्रा गांजा बरामद हुआ। इस गांजा का बाजार मूल्य लगभग चार लाख रुपये है। मौके पर पुलिस ने गांजा के व्यापार करने वाले सूरज सिंह पिता शिव कुमार सिंह ग्राम खेखरूआ, थाना शिव्रतनगंज जिला अमेठी (यू०पी०) और रामकरन वर्मा पिता स्व० दुखी राम वर्मा ग्राम भाटीखुर्द थाना आसपुर देवसुरा जिला प्रतापगढ़ (यू०पी०) निवासी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना काड संख्या 112/25, धारा-20 (बी)(ii) (सी)/22(सी)/29 एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पकड़े गये लोगों ने पुछताछ में बताया कि यह गांजा उड़ीसा के संबलपुर आ रही थी और इसे युपी ले जाया जा रहा था। छापामारी दल में एसआइ देवदत्त कुमार, एसआइ चंदा उरांव भी शामिल थे।

## फूल विक्रेता का शव मिला, पुलिस कर रही जांच

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत झंडा चौक पर शुक्रवार की सुबह एक शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जनपद, मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) निवासी 26 वर्षीय युदु चौहान पिता स्व. दिलमन चौहान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युदु बीते 10 वर्षों से झुमरीतिलैया शहर के झंडा चौक पर छोटे-छोटे पौधे फल तथा फूल बेचकर अपना जीवनयापन करता था। वहीं रात होने पर वह कोडरमा स्टेशन पर सोया करता था। स्थानीय युवक सूरज ने बताया कि उसे शराब पीने की बुरी लत थी। बीती रात भी वह शराब के ही नशे में था और शायद उसके द्वारा ज्यादा शराब पी लेने के कारण उसकी मौत हो गई है। स्थानीय युवक सूरज ने बताया कि घटना की सूचना मृतक युदु चौहान के परिजनों को द्दे दी गयी है। जो कोडरमा पहुंच चुके हैं। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसके मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

## हजारीबाग में संयुक्त वनाधिकार समिति ने अपने मांगों को लेकर निकाली जनाक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** संयुक्त वनाधिकार समिति, हजारीबाग के तत्वावधान में समाहरणालय हजारीबाग परिसर में वनाधिकार कानून 2006 के लंबित दावों को निष्पादन के लिए एक दिवसीय जनाक्रोश रैली सह सांकेतिक धरना का आयोजन किया गया। जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये हुए वनाधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य और ग्रामीण अपनी पारंपरिक वेश भूसा में उपस्थित हुए। अध्यक्षता शिवराम बास्के ने किया और संचालन चुन्नुलाल सोरेन ने किया। संयुक्त वनाधिकार समिति, हजारीबाग के द्वारा विभिन्न मांगों को उपायुक्त के समक्ष रखा गया। वन अधिकार अधिनियम 2006 और 2012 में संशोधित वन अधिकार नियम 2008 के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्राम वन अधिकार समितियों द्वारा अलग अलग समय में व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार तथा सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के लिए अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष दावे किये गये हैं, किंतु आज तक न तो अधिकार पत्र दिये गये और न ही लंबित या निरस्त होने की सूचना वन अधिकार समिति को दी गयी, बल्कि कानून के विपरीत अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा सत्यापन के नाम पर अंचल कार्यालय को प्रेषित किया जाता रहा है। संयुक्त वन अधिकार समिति हजारीबाग द्वारा कई मांग की गयी है जिनमें, दावों के बारे में ग्राम सभा के अधिकार और संकल्पों को जिला और अनुमंडल स्तरीय समिति सम्मान करने। वनाधिकार कानून के प्रत्येक प्रावधान को उसकी भावना के अनुरूप पालन किया जाये समेत के मांग शामिल है। मांगो के समर्थन में विभिन्न वनाधिकार समिति से आये हुए अध्यक्ष, सचिव और ग्रामीणों ने अपने विचार रखे। विचार रखने वालों में छोटू हंसदा, राजेंद्र टुडू, वन अधिकार विशेषज्ञ फादर जॉर्ज मनिपाल, गुंजर महतो, मनोज बेसरा, पूर्व जिला परिषद् सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, झारखंड आन्दोलन कारी और वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल, आदिवासी समाज के संयोजक रमेश कुमार हेम्ब्रोम, सुशील ओडिया ननकी देवी, रीता देवी, लिल्मुनी देवी, सुरजी देवी, करमा हंसदा, जीवलाल मुर्मू, अनिल बास्के, लालजी सोरेन समेत कई अन्य शामिल थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरीतिलैया के प्राचार्य प्रमोद शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित प्रिंसिपल ऑफ द ईयर-2025 के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, एनएसडीसी, एनसीइटी, स्किल इंडिया, प्लस 91 मीडिया और ई-स्टोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 22वें एजु-लीडर समिट और अवार्ड समारोह में प्रदान किया गया। आयोजन होटल ताज, सिटी सेंटर, कोलकाता में हुआ, जहां देशभर से लगभग 400 प्राचार्य और शिक्षाविद शामिल हुए। समारोह में यह पुरस्कार प्लस 91 मीडिया के सह-संस्थापक अशुतोष दुबे ने प्रदान किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने इस कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा का यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरे कोडरमा जिले की शैक्षणिक पहचान और उपलब्धि को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी भविष्य में आत्मविश्वासी, सक्षम और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बने। यह सम्मान हमें और अधिक प्रेरणा देता है कि हम शिक्षा को नये आयाम दें। इस सफलता ने विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण बना दिया है। विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल प्रवीण कुमार, कोऑर्डिनेटर शगुफ्ता प्रवीण, आशुतोष गौतम, अलका सिंह, शिक्षक दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, सीमा जैन सहित समस्त शिक्षकों ने प्राचार्य को हार्दिक बधाई दी और इसे विद्यालय के लिए मील का पत्थर बताया।

## एसपी ने माइका अंचल कोडरमा का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को माईका अंचल कोडरमा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने माईका अंचल कार्यालय में संधारित अभिलेखों, पंजी, रजिस्टरों और लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अंचल निरीक्षक महित कार्यालय कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्यालयीय कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और अनुशासन सुनिश्चित किया जा। सभा प्रकार की शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो और आम जनता को समय पर न्याय मिले। इस दौरान एसपी ने अंचल अंतर्गत थाना क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, गश्ती व्यवस्था और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ग्रामीणों से सतत संवाद बनाए रखें और जनसहभागिता को बढ़ावा दें, ताकि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का वातावरण स्थापित हो सके। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, कार्यालय व्यवस्था और अभिलेखों की स्थिति की भी जांच की गयी। उन्होंने अंचल निरीक्षक और कर्मियों को सतर्क रहते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करने और आम नागरिकों के साथ संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने की हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही और अकर्मण्यता को बर्दाशत नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्यालय में संधारित सभी प्रभार के अभिलेखों को हमेंशा अद्यतन रखने का भी निर्देश दिया।

## अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुंदन शर्मा की अध्यक्षता में एक दिवसीय अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका वीना देवी ने किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चो के साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों की उपस्थिति, सावित्रीबाई फुले, बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता हासिल करना, अभिभावक मासिक कैलेंडर पर ध्यान देना, विद्यालय की साफ-सफाई और उनके रख रखाव, बच्चों का खाता खुलवाने, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम, विद्यालय के बाहर परिवेश की साफ-सफाई, आइसीटी लाइव आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षिका वीना देवी ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि जितनी जिम्मेदारी बच्चों को शिक्षा के लिए शिक्षक निभा रहे है, उतना ही ध्यान घर पर भी अभिभावक अपने बच्चों पर दे, साथ ही उनकी कमियों को दूर करे और बच्चों को ससमय और नियमित रूप से विद्यालय भेजे, क्योंकि अनियमित उपस्थिति से बच्चे पढ़ाई से पिछड़ जाते हैं। वही अभिभावकों ने विद्यालय में पढ़ाई की कमी, मेनू के अनुसार गुणवत्ता खाना बच्चों को मिल रहा है कि नहीं, इन सभी गतिविधियों की जांच कर सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आशवासन दिया। मौके पर शिक्षिका पौशाली देवी, अनुपमा देवी, अंजू सोनी, सुधा देवी, अंजू देवी, सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य अंगद राणा, संतोष मिश्रा, संतोष शर्मा, अनीता देवी, चांदनी देवी, मनीषा देवी, मुनिया देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, खगिया देवी, पिंकी देवी, सुमित्रा देवी, ममता देवी, चंदा देवी, पूनम देवी, सिंपी देवी, अनीता देवी, हेमिया देवी, बेबी देवी, संजू देवी, किरण देवी आदि मौजूद थे।

## जयनगर में आरसीएम डिस्प्ले वॉल का उद्घाटन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर प्रखंड के हाईस्कूल रोड़ में आरसीएम डिस्प्ले वॉल का उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षक महेश पांडेय ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में टेक्निकल एचइवल हरि पंडित ने बताया की आरसीएम के सामग्री पर 10प्रतिशत से 30प्रतिशत तक काउंटर डिस्काउंट दिया जा रहा है आरसीएम अभियान मुख्यत: तीन उद्देश्यों पर काम करती है जिसमें से पहला स्वास्थ्य रक्षा, दूसरा महिला सशक्तिकरण और तीसरा स्वावलंबन मुख्य रूप से स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य वर्धक समान बनाती है। प्रोपराइटर सतीश पांडेय ने बताया कि आरसीएम में शुद्ध सामग्री मिलेगा और मिलावटी सामान नहीं दिया जायेगा। आप यहां से जो भी सामान खरीदेंगे शुद्ध और मुनाफा ही मुनाफा रहेगा। मौके पर उप प्रमुख राज नारायण सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, अरमान खान, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, शशिकांत प्रसाद, राजु प्रसाद, रणजीत सिंह, विक्रम कुमार, विद्या व्रत पांडेय, अमरदीप शर्मा, उदय शंकर पासवान, वशिष्ठ पांडेय, दिवाकर पांडेय, अनिल पांडेय, सतीश चन्द्र मालाकार, प्रकाश मोदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कुकर फटने से लड़की घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के हफुआ पंचायत के बटुका गांव बड़का टोला निवासी चांदनी कुमारी लगभग उम्र 16 साल गैस चूल्हा में कुकर से दाल बनाने के क्रम कुकर फट गया। जिससे गंभीर रूप घायल हो गयी। परिजनों द्वारा उसे सीएचसी पतरातू लाया गया। जहां डॉक्टर अरविंद कुमार के देखरेख में प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया।

## अवार्ड मिलने पर बरका - सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक को सम्मानित किया गया




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बरका – सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि मंडल के प्रतिनिधियों द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उरीमारी स्थित बिरसा परियोजना को फाइव स्टार एचीवर्स अवार्ड मिलने के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में श्री सिंह को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। बिरसा परियोजना को यह सम्मान सुरक्षा, गुणवत्ता, खुली खदान की उत्पादकता और मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला है। वहीं जीएम अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि श्रमिक नेतागण, विस्थापितों का सहयोग और मजदूरों का कुशल नेतृत्व और प्रबंधकीय क्षमता का परिणाम है, जिसकी बदौलत परियोजना ने राष्ट्रीय स्तर पर यह पहचान हासिल की है। इस अवसर पर डॉ. जी. आर भगत, महादेव बेसरा और दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## कुजू में नव उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को उज्ज्वला फाउंडेशन ने दी बधाई




**कुजू (आजाद सिपाही)।** बरमसिया, दुर्गा मंदिर परिसर में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जगेश्वर प्रजापति और संचालन सचिव आशा देवी ने की। बैठक के दौरान सर्वप्रथम सीपी राधाकृष्णन का देश के नये उपराष्ट्रपति बनने पर फाउंडेशन सदस्यों ने बधाई दी। कहा कि सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने से देश का सर्वांगीण विकास और आमजनों को सिद्धांतों का पाठ पढ़ाया जायेगा। वहीं, फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने उज्जवला फाउंडेशन के नीति व सिद्धांतों से पंचायत की महिलाओं को अवगत कराया। साथ ही महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में चल रहे कार्यक्रम के प्रति प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि उज्जवला फाउंडेशन का मकसद सिर्फ महिलाओं को जोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हर महिला अपने परिवार और समाज की ताकत है। इधर, 42 महिलाएं फाउंडेशन की सदस्यता ली। मौके पर शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, जितनी देवी, नितु देवी, तिनकी देवी, मंजू देवी, गीता देवी, चुरा देवी, सुनीता कुमारी, मालती देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद देर रात अवैध नर्सिंग होम को किया गया सील

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दंतार गांव में गुरुवार की देर रात अवैध नर्सिंग होम को सील किया गया। संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस प्रशासन को अवैध नर्सिंग होम सील करने के करवाई के दौरान ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था, जिसके कारण नर्सिंग होम को बिना सील किया पदाधिकारियों को वापस लौटना पड़ा था। लेकिन ग्रामीणों की भीड़ के हटने के बाद देर रात प्रशासन द्वारा नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई पूरी कर दी गयी। नर्सिंग होम सील होने के बाद दूसरे दिन मरीज दंतार गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र अपना इलाज कराने पहुंचे। लेकिन स्वास्थ्य उप केंद्र में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं थे। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने अपने गांव में समुचित स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग को लेकर दंतार गांव के बाजार को बंद रखा। इस दौरान गांव के ग्रामीण शांतिपूर्वक अपनी मांग जिला प्रशासन के समक्ष रखते हुए कहा कि इन अवैध नर्सिंग होम को सील करने के साथ जिला प्रशासन का कर्तव्य है कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को भी चुस्त दुरुस्त करें। ग्रामीण बाजार बंद के दौरान स्थानीय जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र दंतार में 24 घंटे चिकित्सकों को ड्यूटी पर तैनात रखने और सभी प्राथमिक चिकित्सा सुविधा स्वास्थ्य उप केंद्र में उपलब्ध कराने का मांग किया। दूकानदारों ने शाम 4 बजे अपने दूकानों को खोला। दूसरी ओर अवैध नर्सिंग होम सील करने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में वशिष्ठ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमें 58 नामजद और 300 से 400 अज्ञात महिला पुरुषों को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस द्वारा इसमें शामिल एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं फरार झोलाछाप डॉक्टर के गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## ओझा की हत्या करने वाले तीन गिरफ्तार



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बानपुर खुंटी टोला में एक पुरुष धर्म देव उरांव को डायन बिसाही के आरोप लगाकर हत्या करने के मामले में टंडवा पुलिस ने तीन हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता पायी है। इसकी जानकारी टंडवा पुलिस ने प्रेस वार्ता शुक्रवार को कर अहम खुलासा किया है। जैसे जैसे जांच की दबीश बढ़ती जा रही हत्यारो को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिल रहा है। टंडवा एसएसपी सह एसडीपीओ टंडवा प्रभात रंजन बरवार ने बताया की उक्त हत्याकांड का 36 घंटों में उद्भेदन किया गया है। जिला पुलिस कप्तान सुमित अग्रवाल की गुप्त सूचना के आधार पर डहु गांव के खूंटी टोला में एक व्यक्ति की नृशंस हत्या की सूचना के सत्यापन करने के पश्चात वादिनी बरियो देवी उम्र करीब 47 वर्ष, पति स्व०धर्मदेव उरांव, ग्राम बानपुर खुंटी टोला, थाना टंडवा का फर्दबयान के आधार पर टंडवा थाना कांड सं 196/25 डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके अभियुक्त अजय उरांव पिता कैलिया उरांव, छोटु उरांव, विनय उरांव, दोनों पिता बुधन उरांव, मुकेश उरांव, कमलेश उरांव दोनों पिता मनसे उरांव और कुवर उरांव, पिता रुसा उरांव, सभी सा.खुंटी टोला बानपुर के निवासी है। अज्ञात 40-50 महिला पुरुष मृतक धर्मदेव उरांव को डायन भूत का आरोप में घर में घुस कर पिलास से पकड़ कर चाकू से जीभ काटने और लाठी डंडा से मारपीट कर हत्या कर शव को रातोरात जला देने के आरोप में प्रतिवेदित कराया गया है। इस कांड के सफल उदभेदन हेतु डीएसपी टंडवा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

## मामूली विवाद में पिता-पुत्र के बीच मारपीट

# पिता ने बेटे पर किया धारदार हथियार से हमला, मौत



### बेटे की मौत के बाद पिता खुद पर किया हमला, घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव में बड़ी घटना घटी है। मामूली विवाद में पिता ने बेटे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया दिया। जिससे बेटे की मौत हो गई। बाद में पिता ने देखा की बेटे की मृत्यु हो गयी है तब उसने खुदपर हमला कर जान लेने की कोशीश की। लेकिन परिजनों ने उसे उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया।

**सुशील कैसे हुए घायल, पुलिस कर रही जांच :** वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि संगीत की मौत के बाद उनके पिता सुशील जायसवाल कैसे घायल हुए। हालांकि आसपास के लोग और पुलिस सूत्रों ने जो कहानी बताई है, उससे पूरा परिवार ही कटघरे में खड़ा हो रहा है। ग्रामीण और सूत्र के अनुसार सुशील ने बेटे की हत्या करने के बाद खुद पर ही हमला किया, ताकि वह पुलिस को बता सके कि उनके साथ भी हाथापाई हुई है। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद सुशील जायसवाल और उनका पूरा परिवार संगीत की लाश को जलाने की भी कोशिश करने वाला था। लेकिन तब तक पुलिस पहुंच गयी।

**पूरे परिवार से पुलिस कर रही पूछताछ :** संगीत जायसवाल की मौत के बाद पुलिस ने पूरे परिवार से पूछताछ की है। फि लहाल पिता सुशील जायसवाल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसके बाद परिवार के सदस्य दिलीप जायसवाल, शशि भूषण जायसवाल, दिलीप जायसवाल की पत्नी, संगीत की मां श्वेता जायसवाल से भी पुलिस ने पूछताछ की है। सूत्रों के अनुसार इन लोगों ने घटनास्थल से सबूत मिटाने के प्रयास किये थे। लेकिन पुलिस इस बिंदु पर अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं कर पायी है।

### बेटे को थी नशे की लत, परेशान पिता ने उठाया खौफनाक कदम

इधर घटना के बाद चर्चा है कि मुख्य वजह यह थी कि संगीत उर्फ सौम्यांक को नशे की लत लगी हुई थी। इस लत के कारण उसने अपने पिता सुशील जायसवाल की लाखों रुपये की जमा पूंजी उड़ा दी थी। ड्रग्स के नशे में धुत रहने वाले संगीत को लेकर उसके पिता पिछले कुछ दिनों से नाराज चल रहे थे। पुलिस की जांच में अभी तक जो बात सामने आई है उसमें यह है कि बाप और बेटे के बीच लगातार झगड़ा हो रहा था।

### बेसुध बेटे को देख बाप का गुस्सा फूटा

पुलिस ने बताया कि अबतक जो मामले सामने आए है। उसमें पता चला है कि शुक्रवार की सुबह संगीत को बेसुध देखकर पिता सुशील जायसवाल का गुस्सा फूट पड़ा। उस समय उनके हाथ जो लगा, उसी से अपने बेटे की पिटाई करने लगे। उनके हाथ में मौजूद धारदार हथियार से संगीत के सिर पर हुए हमले के बाद संगीत की मौत हुई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरा सच भी सामने आ जायेगा।

## करमा लोकल रोड सेल का कार्य तीसरे दिन भी रहा बाधित, तालाबंदी जारी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल करमा परियोजना का लोकल रोड सेल का संपूर्ण कार्य रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के व्यापक आंदोलन की वजह से तीसरे दिन शुक्रवार को स्वतः बाधित रहा। इधर, सेल संचालन समिति कार्यालय में जारी तालाबंदी, सेल से जुड़े कार्य ठप होने से कांटा घर में कांटा बाबू ट्रकों का इंतजार करते नजर आए। वहीं, आंदोलनकारियो की अनुपस्थिति में भी आंदोलन का व्यापक असर दिख रहा है। इधर, तीसरे दिन भी कोलियरी क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा और ट्रकों में रोड सेल का कोयला नहीं लोड होने से सीसीएल को एक करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान है। जारी आंदोलन से बंद पड़े सेल मामले में लोकल रोड सेल संचालन समिति और सीसीएल प्रबंधन भी चुप्पी साध रखे हैं। जिससे मामला और उलझता जा रहा है। समय रहते पहल नहीं होने की स्थिति पर लोकल रोड सेल पर ग्रहण लग सकता है। वहीं, सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो ने कहा कि मोर्चा के साथ जायज मांगों को लेकर हम वार्ता के लिए सदैव तैयार है। आंदोलनकारी हमारे परिवार हैं, जरूरत है उन्हें हमारी भावनाओं को समझने की। इधर, मोर्चा के सदस्य रवि मुंडा ने कहा कि सेल समिति हर हाल में 556 बाहरी दंगल खारिज कर मात्र स्थानीय 147 दंगल को जोड़ने का कार्य करे। मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगी। ज्ञात हो कि विस्थापित संघर्ष मोर्चा द्वारा बाहरी 556 दंगल को खारिज की मांग को लेकर बुधवार को सेल संचालन समिति कार्यालय समेत जुड़े कार्य को पूरी तरह से बाधित कर दिया गया है। करमा लोकल रोड सेल बंदी मामले में पीओ रामेश्वर मुंडा ने कहा कि इस आंदोलन से सीसीएल एवं सबंधित कोयला व्यापारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। सेल संचालन समिति अध्यक्ष से मेरी बात हुई है, उन्होंने आंदोलन को यथाशीघ्र समाप्त करने का भरोसा जताया है।

## जेल में सुरक्षा के साथ सीसीटीवी कैमरे का हो बेहतर इंतजाम : डीसी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को जिला कारा समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान फैज अक अहमद मुमताज और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा उपकारा में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गयी। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा में लगाये गये सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार करने और इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## अपराध की समीक्षा करने रामगढ़ पहुंचे आइजी

# लंबित कांडों का निष्पादन करें: क्रांति गडिदेशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** बोकारो प्रक्षेत्र के आइजी क्रांति कुमार गडिदेशी शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी और अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस ऑफिस में बैठक के दौरान वह उन पुराने मामलों पर ज्यादा गंभीर दिखाई दिए, जिस पर पुलिस निष्क्रिय हो चुकी थी। एसपी कार्यालय पहुंचते ही सबसे पहले आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे सीधे बैठक में चले गए। बैठक में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स के अलावा सभी इंस्पेक्टर और सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।



**पांच बिंदुओं पर आईजी ने दिया कार्रवाई करने का निर्देशः** आईजी क्रांति कुमार गडिदेशी ने पांच बिंदुओं पर रामगढ़ पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि वैसे विशेष मामले जिनमें तीन माह से अधिक समय बीतने के बाद भी पर्यवेक्षक टिप्पणी नहीं की गयी है, उन्हें तत्काल करना है। जिन मामलों में पर्यवेक्षक टिप्पणी हो चुकी है और 3 माह के बाद भी रिपोर्ट 2 निर्गत नहीं किया गया है, उसपर भी तत्काल ध्यान देना है। ऐसे मामले दिन में 6 महीने बीतने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई हो उसे पर भी प्रतिवेदन देना है। जिस कांड में 6 महीने से अधिक समय के बाद भी डायरी समर्पित नहीं की गई है उसमें तत्काल पहल हो। वैसे मामले जिसमें वारंट प्राप्त है, लेकिन 6 महीने के बाद भी गिरफ्तारी और कुर्की नहीं हुई है, उसमें भी कार्रवाई करना होगा।

### इन मुद्दों पर आइजी ने की समीक्षा

बैठक में रामगढ़ जिला के विशेष प्रतिवेदित लंबित काण्डों जैसे- महिला उत्पीड़न, हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, आर्म्स एक्ट इत्यादि काण्डों की समीक्षा की गयी। काण्डों का उद्भेदन कर साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त की गिरफ्तारी, कुर्की जप्ती की कार्रवाई करते हुए काण्ड को अविलम्ब निष्पादन करने को कहा। महिला उत्पीड़न से संबंधित काण्डों को 60 दिनों के अन्दर निष्पादन करने, साथ ही पूर्व से लंबित काण्डों का जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। लूट, डकैती, छिनतई, गृहभेदन, फायरिंग की घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने, संगठित अपराधिक गिरोह के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने, सड़क दुघर्टना में कमी लाने हेतु आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करने और अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया।

## सरकार की राह देखते -देखते थक गये ग्रामीण, खुद ही बना डाली सड़क



**प्रतापपुर /चतरा (आजाद सिपाही)।** अक्सर चुनाव के समय नेता विकास की बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के बरहे गांव ने इस सच्चाई को आइना दिखाते हुए एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। सरकार की ओर से कोई मदद न मिलने पर, यहां के ग्रामीणों ने खुद ही अपनी किस्मत बदलने का फैसला किया और आपसी सहयोग से गांव तक जाने वाली सड़क का निर्माण कर डाला। यह वही बरहे गांव है, जो पहले अपनी बदहाली के लिए खबरों में रहा था। कुछ समय पहले, यहां के ग्रामीणों ने नदी पर लकड़ी का पुल बनाकर बाहरी दुनिया से अपने गांव का संपर्क जोड़ा था। अब एक बार फिर, इन मेहनतकश ग्रामीणों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए, गांव की बदहाल सड़क को भी दुरुस्त कर दिया है। बरहे गांव तक पहुंचने वाली सड़क की हालत बेहद खराब थी। कई सालों से स्थानीय प्रशासन और सरकार से गुहार लगाने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने खुद ही पहल करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने मिलकर चंदा इकट्ठा किया और उस पैसे से एक जेसीबी मशीन मंगवाई। इसके बाद, सभी ग्रामीण – युवा, बुजुर्ग, महिलाएं – अपने हाथों में फावड़ा, टोकरी और अन्य औजार लेकर सड़क बनाने में जुट गए। उनकी मेहनत और लगन का नतीजा है कि कुछ ही दिनों में उन्होंने लगभग छः किलोमीटर लंबी सड़क को चलने लायक बना दिया। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि झारखंड के सुदूरवर्ती गांवों में आज भी सरकारी स्वास्थ्य और शिक्षा की तरह ही सड़कों की हालत भी बद से बदतर है। जब तक सरकार और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देंगी, तब तक बरहे जैसे कई गांवों की कहानी यही रहेगी, जो एक तरफ जज्बे की मिसाल होगी, तो दूसरी तरफ प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा प्रमाण।

# बिरहोर परिवार की समस्या सुलझाने छतरमांडू पहुंचे सीओ, मुंडा समाज ने जताया विरोध

### बिरहोर परिवारों को 16 डिसमिल जमीन सरकारी जमीन पर की गयी है आवंटित : सीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ अंचल अधिकारी रमेश रविदास बिरहोर परिवारों को न्याय दिलाने के लिए उनके गांव में पहुंच गये। शुक्रवार को वे रामगढ़ पुलिस और अंचल की पूरी टीम लेकर छतरमांडू गांव के बिरहोर टोला पहुंचे। बिरहोर परिवारों को आवंटित जमीन से कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा भगाया जा रहा था। स्थल निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया कि बिरहोर परिवारों को सरकारी जमीन पर ही 16 डिसमिल जमीन का आवंटन किया गया है।



**आवंटित जमीन पर कब्जा दिलाने का बिरहोर परिवार ने किया था अनुरोधः** बिरहोर समाज का चार परिवार 2 दिन पहले सीओ रमेश रविदास से मिलने पहुंचा था। उन लोगों ने जिला प्रशासन द्वारा आवंटित जमीन पर कब्जा दिलाने का अनुरोध किया था। अंचल अधिकारी से मिलने पहुंचे शोभा बिरहोर, पूर्णिमा बिरहोर, बंधन बिरहोर, गुड़िया देवी, धनी बिरहोर, डुगरु बिरहोर, मनीषा कुमारी ने अपनी समस्या सुनाई थी। उन्होंने बताया कि जून महीने में जिला प्रशासन के द्वारा इन सभी परिवारों को चार-चार डिसमिल जमीन छतरमांडू में आवंटित की गयी थी। जो जमीन उन्हें पट्टा बनाकर दिया गया था, वह सरकारी जमीन थी। जिस पर बिरहोर परिवार को रहने और बसने का पूरा अधिकार है।

### मुंडा समाज के लोगों ने जताया विरोध

अधिकारियों ने जब स्थल निरीक्षण किया तब वहां मुंडा समाज के कुछ लोगों ने विरोध जताया। लेकिन जब अधिकारियों ने उनसे जमीन के दस्तावेज मांगे, तो उनके पास कुछ भी नहीं था। मुंडा समाज के लोगों ने सिर्फ यही कहा कि जिस जमीन पर बिरहोर परिवारों को बसाया जा रहा है, उस जमीन पर पिछले कई वर्षों से उनका कब्जा रहा है।

### दोनों पक्षों से अंचल अधिकारी ने की वार्ता

रामगढ़ अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने बिरहोर परिवार और मुंडा समाज के लोगों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने यह स्पष्ट कहा कि वरीय अधिकारियों के द्वारा पूरी छानबीन करने के बाद बिरहोर परिवार को जमीन आवंटित की गयी है। कानूनी तौर पर मुंडा समाज, बिरहोर परिवार को आवंटित जमीन से हटा नहीं सकता। लेकिन दोनों समाजों को एक जगह ही रहना है, इसलिए आपसी मतभेद भूलना होगा। अंचल अधिकारी ने दोनों पक्षों को समझा कर वहां शांति स्थापित करने का प्रयास किया है। साथ ही दोनों पक्षों को एक बार फिर कार्यालय बुलाकर मामले का स्थाई निवारण करने का आश्वासन दिया है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2025-T-257

**कार्य का नाम :** कोचिंग डिपो, सम्बलपुर में PIT लाइटिंग, बैटरी चार्जिंग, प्रीकुलिंग (Precooling) व्यवस्था के प्रावधान / उन्नतिकरण से संबंधित विद्युतिय कार्य।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 1,96,81,911.90, EMD : ₹ 2,48,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : स्वीकृतिपत्र जारी होने कि तिथि से 06 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 03.10.2025 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा) / सम्बलपुर

PR-588/Q/25-26

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई. निविदा सूचना सं.: DEMU-SEE-02-2025

1. कार्य का नाम एवं कार्य स्थल : सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ आई पी बेस्ड सर्विलांस सिस्टम इन डेमू डीपीसी एंड टीसी (RDSO Specification No. RDSO/ SPN/ TC/ 106/2025 Version 3.1) विथ कमप्रीहेन्सिव एनुअल मैटेनेस कॉन्ट्रैक्ट फॉर आई पी बेस्ड विडियो सर्विलांस सिस्टम (भी एस एस) इन डेमू डीपीसी एंड टीसी एट डेमू शेड, सोनपुर, 2. कार्य का अनुमानित व्यय : ₹7,45,15,230/– (रूपया सात करोड़ पैंतालिस लाख पंद्रह हजार दो सौ तीस मात्र), 3. अग्रदय राशि : ₹5,22,600/–, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दि. 06.09.2025, 17:32 बजे, 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दि. 29.09.2025, 11:00 बजे तक, 6. वेबसाईट सूचना पट्ट विवरण तथा स्थल: www.ireps.gov.in 7. ई निविदा सूचना सं॰ – DEMU SEE-02-2025; 8. निविदा सूचना अवधि : 21 दिन

विस्तृत विवरण एवं निर्देश निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

मयाई/टी॰एस॰–01/डेमू/ पूमरे/सोनपुर

पीआर/0938/एसईई/यां./टी/25–26/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई. खुली निविदा संख्या : ईसीआर–एसएनटी–ओटी –215–2025–26

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

(i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि : पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल में बेगूसराय (बीजीएस को छोड़कर) से कटिहार (केआईआर को छोड़कर) खंड (161 किमी) में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का डिजान निर्माण, आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। मंडल : सोनपुर, पूर्णता अवधि 24 महीने, (ii) अनुमानित लागत ₹261,76,44,676.11 (दो सौ इकसठ करोड़ छिहत्तर लाख चौबालीस हजार छः सौ छिहत्तर रूपये और ग्याहर पैसे मात्र), (iii)अग्रधन जो जमा करना है : एक करोड़, (iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय : 14.10.2025 अपराह्न 14.00 तक एवं 14.10.2025 अपराह्न 14.30 बजे, (v) वेव साईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके : www.ireps.gov.in, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप मुख्य सिंगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूमरे/हाजीपुर

पीआर/0941/एचक्यू/एस एण्ड टी/टी/25–26/40

**जन अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व रेलवे के निम्न वर्णित खण्ड के पूरा हो चुके खण्ड पर स्थित रेल लाइनों एवं परिसरों का इस्तेमाल करने वाले सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि खण्ड के तहत उल्लिखित तिथि को या उसके बाद 25000 वोल्ट, 50 हट्‌र्ज, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जीकृत किया जाएगा। उक्त तिथि से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन हर समय सक्रिय मानी जाएगी एवं कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के पास न जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा। **खण्ड का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल में हटिया-बंडामुंडा के बीच दोहरीकरण कार्य के संबंध में, टाटी-परबटोनिया खण्ड के बीच फीडर लाइन सहित लोकेशन नं. 538/11 (किमी चैनेज: 538/561.00) से 538/13 (किमी चैनेज: 538/678.50) के बीच टाटी में नया सेक्शनिंग और पैरललिंग पोस्ट (एसपी)। **ऊर्जीकरण की तिथि: 20.09.2025**

(PR-623)

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), राउरकेला

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

# नेपाल की चुनौती

नेपाल में जेन-जेड ने जिस आंदोलन की शुरुआत की, अब वक्त है उसे अंजाम तक ले जाने का। हिंसा और अराजकता की स्थिति को जल्द से जल्द खत्म करने की जरूरत है। अंतरिम सरकार संभालने के लिए चर्चा में कई नाम हैं और इनमें से किसी एक पर सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसमें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और नेपाली सेना की भूमिका अहम हो जाती है। अच्छी बात यह है कि सड़कों पर आक्रोश जताने वाली नयी पीढ़ी अब संवाद की तरफ बढ़ रही है।

**चाहिए नया नेतृत्व :** जेन-जेड ने इतना बड़ा आंदोलन बिना किसी चेहरे के खड़ा किया। यह भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भाई-भतीजावाद और सरकार की नाकामी से उपजा गुस्सा था, जिसके चलते युवा सड़कों पर उतरते चले गये। उन्होंने केपीएस ओली की सरकार को तो उखाड़ दिया, लेकिन अब देश को नया नेतृत्व चाहिए। युवाओं को मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं और इसलिए वे बाहर से किसी ईमानदार छवि वाले शख्स को चाहते हैं।

**कानून की बहाली :** अंतरिम सरकार के सामने सबसे पहली चुनौती कानून-व्यवस्था को बहाल करने की होगी। अभी पूरे देश में सेना ने कमान संभाल रखी है, हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। नेपाल पहले भी इस तरह का संकट देख चुका है और कोई नहीं चाहता कि वैसी स्थिति दोबारा बने। दूसरी चुनौती होगी जितनी जल्दी हो सके, निष्पक्ष चुनाव करा कर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंपने की। राजनेताओं और मौजूदा राजनीतिक पार्टियों को लेकर जनता में गहरी नाराजगी है, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी को भागीदारी से रोका नहीं जा सकता। देखना होगा कि अंतरिम सरकार कैसे बैलेंस बनाती है।

**नेपाल का लोकतंत्र अभी दो दशक पुराना भी नहीं हुआ और दुर्भाग्य से इतने कम समय में ही इस देश ने चुनावी राजनीति की सारी बुराइयां देख लीं। जेन-जेड का आक्रोश बरसों से जनता के मन में दबे असंतोष का परिणाम है।**

**संवैधानिक व्यवस्था पर भरोसा :** नेपाल में कुछ अरसे से राजशाही की वापसी की मांग चल रही है। इस आंदोलन के दौरान भी यह चर्चा फिर जोर पकड़ी। हालांकि इसे सकारात्मक माना जाना चाहिए कि राजनेताओं के प्रति अविश्वास के बावजूद जेन-जेड का भरोसा संवैधानिक व्यवस्था में बना हुआ है। हालांकि वे 2015 के संविधान में संशोधन की मांग कर रहे हैं।

**आम जन का ख्याल :** नेपाल का लोकतंत्र अभी दो दशक पुराना भी नहीं हुआ और दुर्भाग्य से इतने कम समय में ही इस देश ने चुनावी राजनीति की सारी बुराइयां देख लीं। जेन-जेड का आक्रोश बरसों से जनता के मन में दबे असंतोष का परिणाम है। यह वो प्वॉइंट है, जहां लिया गया हर एक फैसला नेपाल का भविष्य तय करेगा। और किसी भी फैसले में आम लोगों की आकांक्षाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जेन-जेड आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वहां की जनता भ्रष्टाचार, असमानता और अवसरहीनता से ऊबकर निर्णायक प्रतिकार के मार्ग पर अग्रसर हो चुकी है। सोशल मीडिया पर लगाये गये प्रतिबंध ने इस असंतोष की चिंगारी को प्रचंड अग्निज्वाला में बदल दिया है, परंतु यह संकट केवल राजनीति या सत्ता तक सीमित नहीं है। यह नेपाल की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक आस्था और सामाजिक धड़कनों को भी झकझोर रहा है।**

# नेपाल का विद्रोह और भारत-नेपाल संबंधों में गोरक्षपीठ की भूमिका

प्रणय विक्रम सिंह




भगवान पशुपतिनाथ की कृपा-भूमि नेपाल इस समय विद्रोह की उफनती लहरों में डगमगा रहा है। जेन-जेड आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वहां की जनता भ्रष्टाचार, असमानता और अवसरहीनता से ऊब कर निर्णायक प्रतिकार के मार्ग पर अग्रसर हो चुकी है। सोशल मीडिया पर लगाये गये प्रतिबंध ने इस असंतोष की चिंगारी को प्रचंड अग्निज्वाला में बदल दिया है, परंतु यह संकट केवल राजनीति या सत्ता तक सीमित नहीं है। यह नेपाल की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक आस्था और सामाजिक धड़कनों को भी झकझोर रहा है।

हिमालय की गोद और गंगा-यमुना की सांस्कृतिक गाथाओं से जुड़ा यह देश सदियों से भारत के साथ साझा परंपराओं का सेतु रहा है। भगवान पशुपतिनाथ के आशीष से पवित्र यह भूमि और जनक-राम की विवाह-स्थली जनकपुर से लेकर बुद्ध के जन्मस्थल लुंबिनी तक की सांस्कृतिक यात्रा भारत-नेपाल की एकात्मता का अश्वर प्रमाण है। हर वर्ष आयोजित राम-जानकी विवाह महोत्सव, मकर संक्रांति मेले और कुंभ-लुंबिनी संवाद जैसे पर्व इस एकात्मता को प्रत्यक्ष रूप से जीवित रखते हैं। ऐसे अस्थिर समय में भारत-नेपाल संबंधों का भविष्य केवल औपचारिक कूटनीति से तय नहीं होगा, बल्कि उन सांस्कृतिक स्तंभों की दृढ़ता पर टिका है, जिन्होंने सदियों से दोनों देशों की आत्माओं को एक सूत्र में पिरोया है। इन्हीं में सबसे प्रमुख है पावन गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मठ, गोरखपुर), जो भगवान पशुपतिनाथ की पावन परंपरा के साथ मिल कर भारत और नेपाल की एकात्म सांस्कृतिक धारा का अमिट प्रतीक और विश्वास का जीवंत आधार है।

**पृथ्वी नारायण शाह ने जब नेपाल को एक सूत्र में पिरोया, तो उन्होंने गोरखनाथ को राष्ट्र-रक्षक माना।**

**गोरक्षपीठ और नेपाल : संस्कृति का संबल, आस्था का सेतु**

नेपाल के इतिहास में गोरक्षपीठ की भूमिका केवल एक मठ की मयार्दा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सांस्कृतिक संबल और आध्यात्मिक सेतु के रूप में युगों-युगों तक गूंजती रही। हिमालय की गोद में जब 18वीं शताब्दी में गोरखनाथ की साधना का आलोक फैला, तब गोरखा राज्य को केवल नाम ही नहीं, बल्कि आत्मा भी मिली। पृथ्वी नारायण शाह ने जब नेपाल को एक सूत्र में पिरोया, तो उन्होंने गोरखनाथ को राष्ट्र-रक्षक माना। इस प्रकार गोरक्षनाथ परंपरा नेपाल की राजनीतिक चेतना की धड़कन बन गयी।

20वीं शताब्दी में महंत दिग्विजयनाथ महाराज और महंत अवेद्यनाथ महाराज ने इस परंपरा को नया प्राण और नया पथ दिया। पावन गोरक्षपीठ ने संतों को संगठित कर यह स्पष्ट किया कि भारत-नेपाल का संबंध न तो केवल सीमा का संबंध है और न ही केवल व्यापार का बंधन। यह तो आस्था की अटूट डोर और संस्कृति की सनातन संगीतमाला है।

1980-90 के दशक में जब नेपाल वामपंथी विचारधारा और राजनीतिक अस्थिरता की आंधी से जूझ रहा था, तब गोरक्षपीठ ने दीपक की तरह मार्ग दिखाया। महंत अवेद्यनाथ ने यह संदेश दिया कि भारत-नेपाल का संबंध केवल सत्ता की संधियों पर नहीं, बल्कि सदियों की साधना और साझी संस्कृति पर टिका है।

आधुनिक युग में गोरक्षपीठ का ध्वज योगी आदित्यनाथ ने संभाला है। उनकी जनकपुरधाम यात्रा वैदिक वाणी का उद्घोष बनी, पशुपतिनाथ मंदिर की पूजा आस्था का आलोक बनी, और लुंबिनी की बुद्ध जयंती सहभागिता हिंदू-बौद्ध संवाद का संगम बनी। आज गोरक्षपीठ केवल एक धार्मिक पीठ नहीं, बल्कि आधुनिक सांस्कृतिक कूटनीति का उज्ज्वल प्रतीक है।

गोरक्षपीठ ने नेपाल में कभी प्रत्यक्ष राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं किया, किंतु हर संकटकाल में यह दीपशिखा बन कर दिशा दिखाता रहा। यह वही शक्ति है जो सीमाओं से परे सत्ता से ऊपर और संधियों से आगे जाकर भारतझनेपाल संबंधों को स्थायित्व और आत्मीयता देती है। यही कारण है कि नेपाल का जनमानस गोरक्षपीठ को केवल मठ नहीं मानता, बल्कि विश्वास का आधार, संस्कृति का संरक्षक और सनातन सेतु मानता है। एक ऐसा सेतु, जो हिमालय की चोटियों से लेकर गंगा-यमुना की धाराओं तक दोनों देशों की आत्माओं को एक सूत्र में बांधे रखता है।

**मौजूदा परिस्थिति में गोरक्षपीठ की भूमिका**

नेपाल की मौजूदा विद्रोही परिस्थितियां केवल सत्ता के संकट का परिणाम नहीं हैं, बल्कि समाज की गहरी बेचैनी, असमानता और अवसरहीनता का विस्फोट हैं। ऐसे समय में गोरक्षपीठ की भूमिका साधारण धार्मिक केंद्र तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह सांस्कृतिक मार्गदर्शक और सामाजिक सहारा बन सकती है। सबसे पहले, सांस्कृतिक स्मृति जगाना आवश्यक है। जनता को यह स्मरण कराना होगा कि राजनीतिक अस्थिरता अस्थायी है, लेकिन भारत-नेपाल की साझा परंपराएं शाश्वत हैं। हिमालय की गोद से लेकर गंगा की धारा तक बहती हुई यह सांस्कृतिक चेतना दोनों देशों की आत्माओं को जोड़े रखती है। जब युवाओं का आक्रोश व्यवस्था पर टूट पड़ता है, तब गोरक्षपीठ यह संदेश दे सकता है कि परिवर्तन केवल संघर्ष से नहीं, बल्कि परंपरा की जड़ों से जुड़ कर ही स्थायी हो सकता है।

दूसरे, गोरक्षपीठ एक विश्वास का सेतु बन सकता है। आज जब राजनीतिक दल आपसी अविश्वास और आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हैं, तब जनता को किसी ऐसे मंच की आवश्यकता है, जो न तो सत्ता की लालसा से प्रेरित हो और न ही दलगत स्वार्थ से। गोरक्षपीठ अपने संतत्व और निष्पक्षता के कारण ऐसा मंच बन सकता है, जो संवाद, सहयोग और भरोसे का प्रतीक बने। यह संस्था नेपाल की जनता को यह विश्वास दिला सकती है कि भारत केवल एक राजनीतिक ताकत नहीं, बल्कि एक आत्मीय पड़ोसी, सहयात्री और सांस्कृतिक सहोदर है।

तीसरे, धार्मिक पर्यटन और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से गोरक्षपीठ का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि गोरखनाथ-पशुपतिनाथ-जनकपुर-लुंबिनी जैसी ध्रुवीय स्थलों को एक साझा सांस्कृतिक-धार्मिक यात्रा मार्ग के रूप में विकसित किया जाये, तो इससे न केवल नेपाल की डगमगाती अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि भारत-नेपाल के बीच जन-से-जन संपर्क और भी गहरा होगा। साल 2023 में ही नेपाल में 319,000 से अधिक भारतीय पर्यटक पहुंचे और 2024 की पहली छमाही में यह संख्या 1.8 लाख से अधिक रही। यह आंकड़े बताते हैं कि धार्मिक पर्यटन नेपाल की अर्थव्यवस्था की धड़कन है। पर्यटन से जुड़ी आय, रोजगार और सांस्कृतिक आयोजनों से जनता का मनोबल बढ़ेगा और अस्थिरता के बीच स्थिरता का अहसास होगा। और सबसे महत्वपूर्ण यह कि गोरक्षपीठ की पहुंच केवल राजाओं, राजनेताओं या संतों तक ही सीमित नहीं रही है, बल्कि आमजन के मन में भी उसकी गहरी जड़ें हैं। नेपाल के गांव-गांव और तराई के कस्बों तक में गोरखनाथ का नाम श्रद्धा और विश्वास के साथ लिया जाता है। किसान इसे अपने परिश्रम का संरक्षक मानते हैं, व्यापारी इसे अपने सौदे की सफलता का आशीर्वाद समझते हैं, और युवा इसे संघर्ष और संकल्प का प्रतीक मानते हैं। यही कारण है कि गोरक्षपीठ की पुकार जनता के हृदय तक सीधे पहुंचती है और कठिन समय में आश्वस्ति का आधार बन जाती है।

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शांतनु महाराज पूरे विश्वास के साथ कहते हैं कि नेपाल की आत्मा केवल सत्ता या संविधान से नहीं, बल्कि गुरु परंपरा से जुड़ी है। गोरखनाथ की साधना और पशुपतिनाथ की कृपा ही वह धारा है, जो हर संकट में नेपाल समाज को संभालती रही है। जब राजनीति डगमगाती है, तब जनता गोरक्षपीठ की ओर आश्वस्ति से देखती है। क्योंकि वहां से संदेश सत्ता का नहीं, बल्कि संस्कृति का आता है।

**गोरक्षपीठ का महत्व :** भारत-नेपाल संबंध अतीत में कई बार वामपंथी राजनीति, क्षेत्रीय राष्ट्रवाद और बाहरी दबावों से प्रभावित हुए हैं। कभी तेल और दाल-चावल की आपूर्ति रोकने का आरोप लगा, तो कभी चीन ने निवेश और कूटनीति के जरिए नेपाल की राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ाया। ऐसे समय में गोरक्षपीठ एक ऐसा संदेश देता है, जो इन सब राजनीतिक उलझनों से ऊपर है। यह रिश्ता केवल सत्ता या आर्थिक गणित का नहीं, बल्कि संस्कृति, धर्म और आस्था का है।

## कोल्हान की खबरें

### आदिवासी समाज की हुई बैठक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मुंडा समाज केंद्रीय चुनाव संचालन समिति की एक तैयारी बैठक बारीगोड़ा पंचायत भवन में संयोजक राम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने व आगामी आम सभा को सफल बनाने के लिए प्रत्येक शाखा में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया आमसभा की बैठक सुचारू रूप से संचालन के लिए 14 शाखा समितियों से 3-3 नाम भेजे जायेंगे। साथ ही आगामी तैयारी बैठक 18 सितम्बर को सीताराम डेरा में आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर राम सिंह मुंडा, नंदलाल पातर, दुबराज नाग, प्रभुराम मुंडा, प्रकाश सांडील, द्रौपदी मुंडा, सुनीता नाग, महेश नाग, रुद्र मुंडा, धन सिंह मुंडा, हरा धन मुंडा, करतब मुंडा और राजेश मुंडा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सुनीता नाग ने की।

### एक दिवसीय मेगा टूर्नामेंट का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागुनहातु फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को एक दिवसीय मेगा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर 16 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए बेस्ट गोलकीपर और बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गयी। विजेता खिलाड़ियों को व्यक्तिगत ट्रॉफियां भी दी गयी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी टीमों को जर्सी प्रदान कर लंच की विशेष व्यवस्था की गयी। टूर्नामेंट का आयोजन जनकल्याण संघर्ष समिति के सफल प्रयास और एआरजी क्लब के सहयोग से टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा किया गया। मौके पर टाटा स्टील फाउंडेशन के केशव रंजन, अभिषेक कश्यप, विदान मरांडी, एचआर हेड सौरभ सुर और रवि राव, जनकल्याण संघर्ष समिति से मछेंदर निषाद, अनुभव कुमार, सुभाष परमानिक, विश्वनाथ गुप्ता, एआरजी क्लब के सौमेन विश्वास, सुरेश कालिंदी, अगस्ती कालिंदी, राजू निषाद, भास्कर, मुकेश, पंडरा बोदरा, मजनु कालिंदी सहित युवराज क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### सारंडा का विजय-टू आयरन और माइंस बंद, 800 मजदूरों की रोजी-रोटी पर संकट

**गुवा (आजाद सिपाही)।** पश्चिम सिंहभूम के सारंडा जंगल स्थित टाटा स्टील का विजय-टू आयरन ओर माइंस 17 अगस्त की मध्य रात्रि से लीज समाप्त होने के कारण बंद हो गया। खदान बंद होने से लगभग 800 मजदूर बेरोजगार हो गये और क्षेत्र में भूख व पलायन की स्थिति बन गयी है। भाजपा नेता मंगल सिंह गिलुवा ने कहा खदान बंद होने से घर-घर का चैन छिन गया। मजदूरों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया। जहां कभी गाड़ियों की आवाज और काम की रौनक रहती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है।

### सरायकेला-खरसावां पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया खुलासा

# दस आरोपी गिरफ्तार, 17 बाइक और पिकअप जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार को पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई में दो अलग-अलग गिरोह के 10 अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि 4 नाबालिगों को निरुद्ध किया गया। जांच के दौरान आरोपी के पास से कुल 17 मोटरसाइकिल और 1 पिकअप वाहन बरामद किया गया। पहला गिरोह आदित्यपुर थाना क्षेत्र में सक्रिय रहा। आरोपी के पास से 8 मोटरसाइकिल और 1 पिकअप वाहन जब्त किया गया। बरामद वाहनों में हीरो स्प्लेंडर प्लस, हीरो स्प्लेंडर, हीरो पैशन प्लस, बजाज पल्सर और टीवीएस जुपिटर शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों में सुजीत दास, लव मांझी,अजीत दास, भीम यादव, तरुण यादव, रासु गोराई, विलियम कुमार कर और शिवा दास शामिल हैं। वही दूसरा गिरोह को कुचाई थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। आरोपी के पास से 9 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार और निरुद्ध लोगों में अमित कुम्भकार, उदय सामाड़ और 4 नाबालिग शामिल हैं। गिरोह के तार कुचाई थाना कांड संख्या 41/25, गम्हरिया थाना कांड संख्या 97/25 और बिष्टुपुर थाना कांड संख्या 70/24 से जुड़े हैं। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे। पुलिस का मानना है इस कार्रवाई से जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक

# शिक्षा ही समाज का असली निवेश: संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के भाटिन पंचायत अंतर्गत जादूगोड़ा उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से शिक्षक-अभिभावक वार्षिक मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्य अथिति पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर छात्रों और शिक्षकों ने पारंपरिक कालो नृत्य के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक के द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। मौके पर विधायक ने कहा शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। वे अनुशासन, संस्कार और सही-गलत का फर्क सिखाते हैं। श्री सरदार ने कहा शिक्षा ही समाज का असली निवेश है और शिक्षक उसके निमार्ता हैं। उन्होंने आगे कहा राज्य में आबुआ सरकार विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया वे शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक तपन कुमार साहू, शिक्षिका एंजेला सीमा वाड़ा, रीना कुमारी, रजली माई टुडू, सोमा महतो, देवेंद्र कुमार, शंकर सिंह, अनीता टोप्पो, रघुनाथ महतो सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश सोरेन व सदस्य पूजा सरदार, रीना देवी, संदिर बांकीरा, रीना दे, कविता हो, चंपावती पात्रों उपस्थित रहे।

### भारत-पाक मैच का विरोध, फेडरेशन ने खेल मंत्री की तस्वीर जलाकर जताया आक्रोश




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन (पूर्वी भारत) के अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की शहादत अभी भी देश की जनता के दिलों में ताजा है। ऐसे समय में भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन शहीद परिवारों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। सतनाम सिंह गंभीर ने साफ कहा जब तक पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद को बढ़ावा मिलता रहेगा और भारतीय जवानों पर हमले जारी रहेंगे, तब तक किसी भी प्रकार का क्रिकेट संबंध स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सरकार और बीसीसीआइ से अपील की कि शहीदों की शहादत को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित मैच को रद्द किया जाये। शुक्रवार को संगठन के कार्यकर्ताओं ने साकची में खेल मंत्री मनसुख वडालिया की तस्वीर फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। गंभीर ने कहा संगठन का स्पष्ट मत है जब तक आतंकवाद पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती,भारत-पाक क्रिकेट संबंधों पर रोक होनी चाहिए।इस अवसर पर रणजीत सिंह जोहरा, मनदीप सिंह, गुरदीप सिंह, रौनक सचदेव, जगप्रीत सिंह, अमरपाल सिंह, अमरजीत सिंह, मनमीत लूथरा, इंद्रपाल सिंह भाटिया, अमित खरबंदा, जितेंद्र सिंह शालू सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### साकची गुरुनानक स्कूल में डालसा का कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) जमशेदपुर के द्वारा साकची स्थित गुरुनानक स्कूल में नि:शुल्क कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को विभिन्न कानूनों और उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। मौके पर बाल श्रम, बाल विवाह, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, चाइल्ड प्रोटेक्शन और पॉक्सो एक्ट जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही बच्चों को बताया गया किसी भी समस्या के समाधान हेतु वे निसंकोच डालसा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया, जिसमें छात्रों ने संतोषजनक फीडबैक दिया। सभी बच्चों ने अनुशासित ढंग से शिविर का लाभ उठाया और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की।इस अवसर पर डालसा की पैनल लॉयर लक्ष्मी बिरुआ, पीएलवी सुनीता कुमारी, नागेंद्र कुमार, दिलीप जायसवाल, सुनील पांडेय, सुनीता झा, जोबरानी बास्के, प्रसीस मरांडी, ज्योत्सना गोप, स्कूल की प्राचार्या मधुबाला, संस्कृत शिक्षिका आशा चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में जमीन का ऑनलाइन म्यूटेशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया अंचल कार्यालय मे उपयुक्त गढ़वा के निर्देश परअंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह के अध्यक्षता में जमीन से संबंधित अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन म्यूटेशन किया गया और विवादित जमीन से संबंधित बारीकी से जमीन का पेपर का जांच किया। पेपर जांच के बाद अंचल कार्यालय से समाधान होने वाले रैयत को ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। इसके साथ ही अंचल कार्यालय से नहीं होने वाले रैयत को अनुमंडल और कोर्ट से संबंधित सुझाव दिये। रैयत ने जनता दरबार का लाभ भी लिया। इस मौके पर हल्का कर्मचारी व आंचल उप निरीक्षक बिंदेश्वरी कुमार, दिलीप बैठा, पवन कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, आंचल ऑपरेटर उदित कुमार, दिवाकर, मोतीचंद प्रसाद, रैयत में उपस्थित झगरू मिंज, सुनीत मिंज, नितेश कुमार, भारत प्रसाद सहित काफी संख्या में रैयत उपस्थित थे।

# एसडीएम ने अवैध रूप से जमा एक सौ बोरी यूरिया पकड़ा

**डीएओ तथा सीओ को अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार शाम गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर गांव में असलम अंसारी नामक व्यक्ति की दुकान में 100 बोरी यूरिया पकड़ा। एसडीएम की पूछताछ में न तो उक्त व्यक्ति ने इस खाद के स्रोत के बारे में बताया और न ही खाद्द बिक्री के लिए आवश्यक कोई वैध लाइसेंस दिखाया। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि इस व्यक्ति के पास किसी प्रकार का कोई लाइसेंस नहीं है। एक तरफ क्षेत्र भर में खाद की मारामारी और दूसरी तरफ इस प्रकार से भंडारित यूरिया के मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने उक्त दुकान को मौके पर ही बंद कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई हेतु अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया।





संजय कुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के तमाम ऐसे व्यवसाईयों को सख्त हिदायत दी कि खाद उर्वरक आदि वस्तुएं अनिवार्य सेवाओं के दायरे में आते हैं इसलिए इनकी कालाबाजारी या अवैध भंडारण करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत उस स्रोत पर भी कार्रवाई की जाएगी जिन्होंने इस इस व्यक्ति को इतनी बड़ी मात्रा में अनाधिकृत तौर से खाद उपलब्ध करवाया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार कड़ी चौकसी बरती जा रही है। कार्रवाई के दौरान दौरान कंचन प्रसाद, रविंद्र पासवान, अनिल कुमार, प्रिंस दास, रमेश कुमार आदि शामिल रहे। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान मुख्य पथ स्थित रेलवे क्रासिंग पर गुरुवार की रात एक तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से कैलान के भुइयांटोली निवासी शोभी भुइयां और नंदू भुइयां पिता स्व. बिफन भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल इलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान नंदू भुइयां की मौत हो गयी। जबकि सोभी भुइयां की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस द्वारा शव का अंत्यपरीक्षण कराये जाने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों भाई गुरुवार की देर शाम भवनाथपुर से अपने घर कैलान लौट रहे थे, तभी कैलान मखन रेलवे गेट के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उधर मृतक नंदू का शव जैसे कैलान पहुंचा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गये।



नंदू भुइयां की फाइल फोटा

# शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में बच्चों की उपस्थिति और सर्वांगीण विकास पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तेनार में शुक्रवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन विद्यालय के प्रधान अनंत प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में किया गया।

संगोष्ठी में विद्यालय पोषक क्षेत्र के 200 से अधिक अभिभावक शामिल हुए। गोष्ठी में 6 से 14 आयु वर्ग के शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन तथा नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही कक्षावार अनियमित और कमजोर बच्चों की पहचान करने, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रोजेक्ट रेल परीक्षा में बच्चों का प्रदर्शन, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला आदि का समुचित उपयोग आदि विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गयी। इसके पूर्व अभिभावकों के विद्यालय पहुंचने पर बाल संसद के सदस्यों ने मेन गेट पर गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया गया।



मौके पर विद्यालय के प्रधान आनंद प्रसाद मेहता ने कहा कि अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यालय परिवार हर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। संगोष्ठी में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू गुप्ता एवं विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद इफ्तेखार अहमद अंसारी, विनोद राम, ललिता कुमारी, कुमारी अनिता शर्मा, श्वेता गुप्ता, रितेश कुमार, सुमन कुमार निराला, राम प्रजापति आदि ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर अपना-अपना विचार व्यक्त किये।

# बीडीएसयू की बीडीएस परीक्षा का परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय द्वारा बीडीएस (प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष) की परीक्षा का परिणाम 12 सितम्बर 2025 (शुक्रवार) को घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षाएं जुलाई एवं अगस्त 2025 माह में संपन्न करायी गयी थीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और पारदर्शिता का परिचायक है। उन्होंने शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि एक चरित्र निर्माण की प्रक्रिया है। आइए, हम सब मिलकर एक श्रेष्ठ चिकित्सक के साथ-साथ एक उत्कृष्ट मानव बनने की ओर अग्रसर हों। कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने भी परीक्षा परिणाम के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी छात्रों को आगामी चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होने यह भी कहा कि यह अवसर केवल अकादमिक उपलब्धियों का ही नहीं, बल्कि आपके परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का उत्सव है। परीक्षा परिणाम की घोषणा के अवसर पर वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य प्रो (डॉ) बसावा राज कल्लाली ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजकीय कन्या विद्यालय में बच्चों को पुरस्कार और अभिभावकों को सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** राजकीय कन्या विद्यालय के पीटीएम में मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर की मुखिया बेबी देवी एवं उप मुखिया समलेश कुमार रावत उपस्थित हुए। एचएम पांडेय सूर्यकांत शर्मा ने निपुण भारत कार्यक्रम की सफलता में स्कूल प्रबंधन समिति के साथ साथ अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा किया। एफएलएन की गतिविधियों की समझ के बारे में माता-पिता से बात किया एवं माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मुखिया बेबी देवी ने विद्यालय के व्यवस्था एवं शैक्षिक माहौल को देखकर काफी प्रभावित हुईं। उन्होंने ने पुरस्कृत होने वाले बच्चों से बात किया और कहा कि निश्चित रूप बच्चे पुरस्कार के हकदार हैं। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति कराएं एवं एफएलएन के छात्र कार्यपुस्तिका को घर में भी आपलोग देखें एवं स्वध्याय करवायें। विद्यालय में शैक्षिक उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले बच्चों में वर्ग पांच की आशिका कुमारी, अभिनव कुमार, पवन कुमार, प्रियांशु कुमार, प्रियंका कुमारी वर्ग चार के शिवम कुमार, तनु कुमारी वर्ग तीन की ने पुरस्कार देकर तथा अभिभावकों को माता पिता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षिका किरण सिंह, अभिभावक मंटू कुमार, बनारसी राम, कमलेश कुमार प्रजापति, रोहित कुमार, शीला देवी, बबीता देवी, रीता देवी, अनीता देवी, तारा देवी, बेबी देवी, कुमारी रिंकू देवी आदि उपस्थित थे।



# पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में 9 मामलों का निबटारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के सभागार में शुक्रवार को विशेष सामाजिक अंकेक्षण के तहत पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मौके पर उपस्थित जनता में से ज्यूरी मेंबर का चयन किया गया, जिन्हें प्राप्त मामलों के निष्पादन हेतु सर्वसम्मति से बैठाया गया। अंकेक्षण दल की चार सदस्यीय टीम ने एक सप्ताह तक पंचायत क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की गहन जांच की। इस दौरान पंचायत से कुल 20 मामले सामने आए, जिनमें मनरेगा के 10 और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) से जुड़े 10 मामले शामिल थे। जनसुनवाई के दौरान सामने आए मुद्दों में 91 पीएम आवास लाभुकों को शौचालय उपलब्ध नहीं होना तथा पीएम आवास के ही 9 लाभुकों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन नहीं मिलने की शिकायत प्रमुख रही। इन मामलों को ज्यूरी मेंबर ने प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई हेतु भेज दिया। वहीं मौके पर 9 मामलों का निष्पादन पंचायत स्तर पर कर दिया गया। इस अवसर पर अंकेक्षण दल के चार सदस्य, ज्यूरी मेंबर में शिवकुमार राम, संजय यादव, ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य पश्चिमी पवित्री देवी, मुखिया रीता देवी, नरेश पासवान, शंभूनाथ शाह, सुनील यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने तीन सरकारी विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# मिड-डे मील मेन्यू के अनुरूप हरी सब्जी नहीं देने पर जतायी नाराजगी

**शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों के साथ संवाद किया, लिया फीडबैक**

**रेजो तथा लखेया में एसडीएम ने स्वयं भोजन कर मिड डे मील की गुणवत्ता जांची, दिये आवश्यक निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने क्षेत्र के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ आयोजित शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में भाग लिया तथा अभिभावकों से विद्यालयी व्यवस्था पर प्रत्यक्ष फीडबैक लिया।

एसडीएम ने स्कूली बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य शैक्षणेत्तर गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मिड-डे मील योजना की भी गहन जांच की गयी। दो विद्यालयों में एसडीएम ने स्वयं बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता की जांच की।



रेजो मध्य विद्यालय में निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील मेन्यू के अनुरूप हरी सब्जी न परोसे जाने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा भविष्य में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।

एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक गण, छात्र छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 5 में सहायिका के लिए सुनिता सोनी का चयन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत रंकाकला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या - 5 में 13 सितंबर 2025 को खाली पड़े सहायिका के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें उच्च योग्यताधारी सुनिता सोनी का चयन किया गया। यह सिट बीसी वन के लिए आरक्षित था। इस पद के लिए कुल सात आवेदन पड़े थे। जो विभिन्न कमियों के आलोक में अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस मौके पर रंका सीडीपीओ अल्पना कुमारी, पर्यवेक्षिका रानी गीता, मुखिया रणजीत सोनी, परियोजना कन्या उवि के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, सुधाकर कुमार, एएनएम चंद्रकांति कुमारी, सेविका, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संतलाल चंद्रवंशी, पंचायत सहायक अमरेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# केतार के युवक की चेन्नई में मौत शव पहुंचते ही मचा कोहराम



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में बहुत गमगीन समय आया जब क्षेत्र के परसोडीह पंचायत के चौरा गांव में एक बार फिर पलायन की भेंट चढ़ा युवक का शव घर पहुंचा। शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। उपस्थित सभी की आंखे नम थी। बताते चले कि चौरा गांव निवासी मनदीष पासवान का 30 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार पासवान रोजगार की तलाश में चेन्नई गया था। लेकिन शुक्रवार को पैतृक गांव उसकी लाश लौटी। ग्रामीणों ने बताया कि तीज व्रत के दिन चेन्नई के एक प्लांट में काम करने के दौरान विमलेश की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। प्राथमिक इलाज हुआ लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। तभी विमलेश पासवान घर लौटने के लिए चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचा जहां उसकी हालत बिगड़ने लगी। रेलवे पुलिस ने मोबाइल पर सूचना परिजनों को दिया, तब तक देखते देखते उसकी मौत हो चुकी थी। विमलेश अपने पीछे पत्नी और चार मासूम दो पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़ गया। उसका शव गांव पहुंचने की सूचना पर प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गया। देखते देखते काफी संख्या में महिला,पुरुष एवं बच्चे की हुजूम लग गयी। सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, समाजसेवी पंकज कुमार सिंह, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष इम्तियाज आलम, मुखिया प्रतिनिधि कलेंद्र पासवान,पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने परिजनों को किसी प्रकार समझा बुझाकर ढांढस बंधाया।

# क्लीन ग्रीन महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पंचायत के प्रशासक राजकमल ने शुक्रवार को कार्यालय के सभागार में नपं के सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत क्लीन ग्रीन महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में प्रशासक राजकमल ने कहा कि इस बार पूजा पंडालों में प्रकृति संरक्षण की झलक अवश्य दिखनी चाहिये। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रसाद, पानी या शरबत के वितरण में कागज या पत्तल का प्रयोग किया जाये, ताकि प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लग सके। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंडालों में महिला और पुरुषों के लिये अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाये जायें जिससे सुव्यवस्था बनी रहे। प्रशासक ने कहा कि पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य आइडी कार्ड का प्रयोग करेंगे। साथ ही पंडाल परिसर और उसके आसपास की स्वच्छता बनाये को बनाये रखना उनकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उन्होंने पंडाल समितियों से अपील की कि वे आसपास के दुकानदारों को भी इस अभियान से जोड़ें और शहर के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में सहयोग करें। प्रशासक ने सभी समितियों से अपील की कि वे इस कार्य को सिर्फ एक औपचारिकता न मानें, बल्कि समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ जुड़ें।



बैठक में नपं के नगर प्रबंधक प्रणय मंडिलवार, रवि कुमार, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, नवयुवक क्लब के संरक्षक अजय प्रसाद मुखिया, अध्यक्ष कमलेश मेहता, जय भामा शाह क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, सचिव ऋतुराज जायसवाल, फ्रेंड्स रॉक ग्रुप के विकास कुमार बबलू, श्री बंशीधर सेवा संस्थान पाल्हे कला से शुभम कुमार चौबे, पीयूष चौबे, सर्वेश चौबे, आशीष चौबे, युवक संघ जतपुरा के राज शुक्ला, नवनीत शुक्ला, नव जीवन क्लब से अंकित कमलापुरी, जय भारत क्लब से हीरा प्रसाद, बजरंग सेवा समिति से विजय कुमार सहित नगर पंचायत के कर्मी उपस्थित थे।

# घायल मजदूरों को दिया आर्थिक सहयोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी संजय राम (पत्नी गीता देवी) ने कंचनपुर गांव के दो घायल मजदूरों को मधुसूदन राम के हाथों आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। इस संबंध में ग्रामीण मधुसूदन राम ने बताया कि एक मांह पूर्व गांव के मजदूरों की पिकप गाड़ी काम करने बिहार जाने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी जिसमें तीन लोगों की मौत और बहुत से महिला-पुरुष घायल हो गये थे। उनमें कैलाश राम एवं एक अन्य दो घायल व्यक्ति को तीन-तीन हजार रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। इस मौके पर मधुसूदन राम, दीपनारायण यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**समाहरणालय, लातेहार**
**(योजना शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के पत्रांक 305/जि०यो० दिनांक 23.08.2025 के द्वारालातेहार जिला अन्तर्गत डी0एम0एफ0टी0 मद से लातेहार जिला के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत CGLM प्रयोजना के लिए सामग्री, Safety Tools इत्यादि का क्रय एवं आपूर्ति के लिए Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply Of SLRM Operational Tools & Safety Equipments for Solid Liquid Resource Management (SLRM) on Rate Contract in Latehar District हेतु निविदा (PR no.- 360268) आमंत्रित की गई थी।

उक्त निविदा/RFP को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रद्द किया जाता है।

PR 361799 Planning and Development (25-26)_D

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार

# मोटिया मजदूर संघ ने मजदूरी घटाने का किया विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** एसएफसी मोटिया मजदूर संघ की एक आपात बैठक लातेहार जिला मुख्यालय स्थित परिसदन गोदाम परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में लातेहार जिला अध्यक्ष सिकंदर भैया, पलामू जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार तथा गढ़वा जिला अध्यक्ष रामकुमार राम उपस्थित रहे। इस मौके पर सैकड़ों मजदूर शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा मजदूरों की मजदूरी दर में की गयी कटौती का विरोध था। मजदूर संघ के नेताओं ने कहा कि पहले से ही मजदूर सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी से कम दर पर काम कर रहे थे, बावजूद इसके जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने निजी स्वार्थवश मजदूरी को और घटा दिया है। संघ ने बताया कि डोर स्टेप डिलीवरी की लोडिंग और अनलोडिंग कार्य के लिए मजदूरों को पहले प्रति क्विंटल 18 रुपये की दर से भुगतान किया जाता था। लेकिन हाल ही में जारी निर्देश के अनुसार यह दर घटाकर प्रति क्विंटल 10 रुपये कर दी गयी है। अधिकारियों का कहना है कि पलामू प्रमंडल के अन्य जिलों की तरह लातेहार में भी यही दर लागू होगी। मजदूरों ने कहा कि दर घटाने से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है, जबकि वे पहले से ही न्यूनतम मजदूरी मानकों से वंचित हैं। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि सरकार के द्वारा अलग-अलग वजन की दरें जैसे 41 किलो से 65 किलो तक प्रति बोझा 9 रुपये 30 पैसे निर्धारित की गयी है, जो मजदूरों के श्रम के अनुपात में बहुत ही अल्प है। मजदूर संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मजदूरी दर में कटौती को तुरंत वापस नहीं लिया गया और मजदूरों का हक सुनिश्चित नहीं किया गया, तो जिलेभर में उग्र आंदोलन शुरू किया जायेगा। संघ ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न स्थिति की पूरी जिम्मेदारी केवल और केवल जिला आपूर्ति पदाधिकारी की होगी।

# किस्को में 32वीं वाहिनी एसएसबी का पौधरोपण और जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र किस्को में सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के तहत 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन 32वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष चौबे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम किस्को प्रखंड के +2 एसएस हाई स्कूल परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्कूल प्रशासन एवं एसएसबी के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान पौधारोपण के साथ-साथ बच्चों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशामुक्ति, महिलाओं को सीआरपीएफ में भर्ती हेतु प्रेरित करने तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर एसएसबी उप निरीक्षक नीरव कुमार, किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज, प्रधानाचार्य विपिन कुमार सहित अन्य शिक्षकगण व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सामाजिक कल्याण व विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए यह कार्यक्रम सराहनीय कदम माना गया।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा पुष्पांजलि नीट की परीक्षा में चयनित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में अध्ययनरत छात्रा पुष्पांजलि कुमारी ने इस वर्ष आयोजित अखिल भारतीय प्रतिभा में 118113 वां रैंक और अनुसूचित जनजाति में 13 वां रैंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र तथा जिला का नाम रौशन की है। साथ ही स्थानीय छात्र छात्राओं ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार बल्कि जवाहर नवोदय विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम भी रौशन किया है। परिणामों के अनुसार भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमनो पंचौत ग्राम निवासी विष्णु राम और किरण देवी की पुत्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में पढ़नेवाली छात्रा पुष्पांजलि कुमारी ने इस वर्ष आयोजित नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता पिता और विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं छात्रा की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य श्री अवनीश चंद्र झा और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने कहा कि निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि संभव हुई है। जिसे सफल छात्रा सफलता पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और प्रचार्य ने उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामना दिया है। वहीं नीट में सफल हुई छात्रा पुष्पांजलि कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, अनुशासित दिनचर्या और नियमित अभ्यास और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और माता पिता को दी है।

## छात्र नेता कलीम मिरदाहा का सड़क दुर्घटना में निधन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सेन्हा थाना अंतर्गत बरही के समीप सड़क दुर्घटना में युवा समाजसेवी सह छात्रनेता कलीम मिरदाहा का देहांत हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से श्री मिरदाहा को आनन- फानन में लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। हालांकि कलीम मिरदाहा की रास्ते में ही मौत हो गई। भंडरा थाना क्षेत्र के सोरन्दा बांध टोली निवासी कलीम मिरदाहा अपने घर से लोहरदगा आ रहे थे इसी दौरान बरही के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कलीम गंभीर रूप से घायल हो गये, इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और अग्रतर कारवाई में जुट गयी है। श्री मिरदाहा के निधन पर अभाविप, एनएसयू आइ, आजसू समेत रामाधार पाठक, जनक प्रजापति, अंकित मित्तल, जान्हवी कंचन गोयल, अंकित साहू समेत युवा छात्र नेता एवं बी एस कालेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया।

# विद्यालयों में हुई अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में स्थानीय जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और और अभिभावक शामिल हुए वही राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय में मुखिया कालो देवी, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, भाजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील सिंह शिक्षक विनोद कुमार समेत अन्य विद्यालय प्रबंधन समिति शिक्षक और अन्य लोग शामिल हुए। गोष्ठी की शुरुआत के दौरान परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शब्बीर अहमद ने विद्यालय में छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत हो इसको लेकर चर्चा की गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में छात्राओं की उपस्थिति पहले से बेहतर है पर उसे शत प्रतिशत करने को लेकर अभिभावकों की सहभागिता अहम है। बैठक में मौजूद जिला परिषद के सदस्य ने कहा कि प्रखंड के एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर हम सभी को मिलकर काम करना होगा साथ ही छात्राओं की उपस्थिति सत प्रतिशत करने को लेकर जरूरत पड़े तो पोषक क्षेत्र के घर-घर जाकर छात्राओं के अभिभावकों से वार्ता का अभियान भी चलाया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा की विद्यालय में शिक्षकों की कमी के साथ-साथ भवन की कमी शौचालय समेत अन्य समस्याओं को लेकर विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय सचिव और मंत्री को अवगत कराया जायेगा।

# भाजपा का सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नगर मंडल के द्वारा नगर पालिका कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आक्रोश एवं धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने बताया कि नगर क्षेत्र में गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, अतिक्रमण, नाली सफाई, पेयजल संकट और योजनाओं की विफलता से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो भी खनिज माफियाओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसकी हत्या षड्यंत्र के तहत कर दी जाती है। विशेष रूप से सूर्या हांसदा की फर्जी मुठभेड़ को उदाहरण बताया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि सूर्य हांसदा गरीब बच्चों की शिक्षा और आवास व्यवस्था करते थे, लेकिन खनिज लूट के विरोध में उन्हें निशाना बनाया गया। भाजपा के कार्यकर्ता पवन तिग्गा ने बताया कि नये दुकानों का आवंटन आदिवासी समाज के खिलाफ हो रहा है। धरना प्रदर्शन के अंत में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। आयोजन का संचालन विवेक चौहान ने किया। भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान मौके पर शिक्षिका कल्याणी वर्मा,सेवानिवृत्त शिक्षक अमरेंद्र सिंह,अलताभ अंसारी, सुशीला कुमारी, अनिल राम, श्वेता कुमारी, रोहित रंजन, फूल कुमारी एक्का, मनु सिंह, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अफसरुन निशा, उपाध्यक्ष रीना देवी, रविंद्र सोनी, भानुप्रिया, कौशल्या देवी, कविता देवी, रूपेंद्र राम, सोनी देवी, रामनाथ प्रजापति, वीरेंद्र राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हाथी के हमले से युवक की मौत

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत नवाटोली गांव में जंगली हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान इरफान अंसारी पिता याकूब अंसारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इरफान अंसारी महुवरी की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हाथियों का एक झुंड सड़क किनारे से गुजर रहा था। अचानक झुंड से बिछड़ा एक हाथी सड़क पर आ धमका। युवक ने हाथी को देख जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे दौड़ा कर इरफान को अपनी सूंड और पैरों से कुचल डाला, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुटे, परंतु हाथी की आक्रामकता के कारण कोई पास नहीं जा सका। काफी देर बाद लोगों ने इरफान को कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## मोमिन कांफ्रेंस सम्मेलन में शामिल होंगे मंत्री इरफान अंसारी, मिला न्यौता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी हाजी अब्दुल जब्बार साहब के अगुवाई मे रांची पहुंचकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को 14 सितंबर को लोहरदगा में होने वाले मोमिन कॉन्फ्रेंस के सम्मेलन में शामिल होने हेतु न्यौता दिया। मौके पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने न्यौता स्वीकार करते हुए कहा कि लोहरदगा में होने वाले मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासम्मेलन में मैं जरूर पहुंचूंगा और लोहरदगा के मोमिनों के हक और हुकूक के लिए मैं उनका आवाज बनूंगा। वहीं कार्यक्रम के संयोजक हाजी जब्बार्रुल साहब ने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस के महा सम्मेलन मे मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के साथ साथ आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी, राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली, अमानत अली समेत कई दिग्गर हस्तियां शामिल होंगी जो हमारे समाज के लोगों के हक अधिकार दिलाने के लिए हमारी आवाज बनेंगे। मौके पर संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार, जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी, यूथ अध्यक्ष ऐनुल अंसारी, जिला वरीय उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष हातिम अंसारी, जिला महासचिव रौनक एकबाल आदि मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड समेत पूरे जिले के झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, रांची के तत्वाधान में झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की शुरूआत कर दी है। इसकी जानकारी देते हुई प्रखंड कर्मी और संगठन के प्रमंडलीय सचिव अखिलेश कुमार सिंह के बताया कि संगठन के आह्वान व जेएसएलपीएस के शीर्ष नेतृत्व में 70 एवं स्तर-8 के कर्मियों ने 9 सितम्बर से काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए आंदोलन का आगाज किया। अपनी मांगो को लेकर आंदोलन का कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से तय किया गया है। जिसमें काला बिल्ला लगा कर विरोध के बाद 18-19 सितंबर को कलमबंद हड़ताल, 25 सितम्बर को जिला स्तरीय धरना और 7-8 अक्टूबर को रांची में मुख्यालय स्तरीय धरना प्रस्तावित है। वहीं 30-31 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे जबकि मांगे पूरी नहीं होने पर 6 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सभी कर्मी चले जायेंगे। अखिलेश सिंह ने बताया कि उनकी मांगों में मुख्य रूप से जेएसएलपीएस कर्मियों को सोसाइटी एक्ट से हटाकर राज्य कर्मी का दर्जा देने, केंद्र सरकार की टटटव नीति को शीघ्र लागू करने,स्तर-7 एवं स्तर-8 कर्मियों को अनुभव व योग्यता के आधार पर पदोन्नति देने,राज्य कर्मियों की तरह वार्षिक वेतन वृद्धि और महंगाई भत्ता जोड़ा जाये तथा लंबित वृद्धि का लाभ देने, सभी कर्मियों की पदस्थापना गृह जिला अथवा नजदीकी प्रखंड में करना मुख्य रूप से शामिल है। अखिलेश सिंह ने कहा कि सरकार लगातार ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण में लगे जेएसएलपीएस कर्मियों की अनदेखी कर रही है, उन्होंने कहा कि हमारी आजीविका डगमगा रही है, जबकि हम सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। आंदोलन में राजकुमार यादव समेत अन्य कर्मी शामिल है।

# कैरो में आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को दो दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान के तहत रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख श्रीमाम उरांव,प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भाटाचार्य एवं मास्टर ट्रेनर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी रीना उरांव, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी सुलामी होरो, कनीय अभियंता सुमन राज खलखो, फारेस्ट कार्ड पंकज सिंह बीआरपी शैलेन्द्र कुमार के द्वारा दिप्ज्वलित कर किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने कहा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्ति और संस्थानो को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से सरकार के द्वारा संचालित सरकारी और गैर सरकारी जनकल्याणकारी योजना को विस्तार जानकारी देते हुए जनजातियों की विकास से जुड़े योजना बनाना से लेकर लागू कराने सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी जिसका लाभ सभी प्रशिक्षु लेकर अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करे। मौके पर मुखिया, जलसहिया, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, प्रज्ञा केंद्र संचालक आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा दशहरा पर्व को लेकर चंदवा थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। बैठक में दशहरा पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गयी। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें। प्रशासन ने विशेष गश्ती, विधि-व्यवस्था एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की जानकारी दी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर रामयश पाठक, महेंद्र प्रसाद साहू, सत्येंद्र प्रसाद यादव, रवि कुमार डे, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी, अलौदीया पंचायत की मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, रामप्रवेश यादव, प्रमोद साहू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, निर्मल कुमार भारती, अयूब खान, मंटू केसरी, पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, पुलिस प्रशासन की ओर से सरोज कुमार सिंह भावेश यादव समेत वरिष्ठ नगरीकरण मौजूद थे।

# नंद घर ने किया पोषण माह का शुभारंभ, 3.5 लाख परिवार शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने पोषण माह 2025 की शुरुआत की है, जो 15 राज्यों के 3.5 लाख से अधिक परिवारों तक पहुंचेगा। पोषण से प्रगति विषय पर आधारित यह अभियान पोषण, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और महिला सशक्तिकरण जैसी एकीकृत सेवाएं उपलब्ध करायेगा। नंद घर की पोषण रणनीति तीन स्तंभों पर आधारित है। प्रत्यक्ष पोषण सहायता (फोर्टिफाइड सप्लीमेंट्स, न्यूट्री बार्स, प्रोटीन शेक), सामुदायिक जागरूकता (अभिभावक प्रशिक्षण, बच्चों की वृद्धि निगरानी, स्थानीय आहार प्रथाएं) और प्रौद्योगिकी व साझेदारी (आधुनिक उपकरण और विश्वसनीय संस्थाएं)। इस एकीकृत सहयोग से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। 12 सितंबर से देशभर के नंद घर पोषण जागरूकता के केंद्र बनेंगे। अभियान में रेसिपी प्रदर्शन, अभिभावक प्रशिक्षण, मातृ स्वास्थ्य और आहार प्रथाओं पर सत्र, नुक्कड़ नाटक, वेबिनार और डिजिटल कैंपेन शामिल होंगे। साथ ही ग्रामीण बच्चों को फोर्टिफाइड पोषण सप्लीमेंट्स वितरित किए जायेंगे।

**नंद घर के सीइओ शशि अरोड़ा ने कहा :** पोषण माह हमें याद दिलाता है कि भारत की प्रगति के लिए पोषण कितना महत्वपूर्ण है। नंद घर में हमारा संकल्प है कि हर ग्रामीण बच्चा और मां सही पोषण और ज्ञान तक पहुंचे ताकि वे स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकें। 15 राज्यों में समुदायों की भागीदारी के साथ हम जागरूकता को कार्रवाई में बदल रहे हैं और स्थायी प्रभाव उत्पन्न कर रहे हैं।

**इएसएल स्टील लिमिटेड के डिप्टी सीइओ रविश शर्मा ने कहा :** इएसएल में हमारा मानना है कि पोषण स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की ओर पहला कदम है। नंद घर की पोषण माह पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो ग्रामीण भारत के परिवारों को पोषण से जुड़ी जानकारी और सही आदतें अपनाने का अवसर देती है। हमें गर्व है कि हम वेदांता के समग्र विकास के विजन का हिस्सा हैं, जहां स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण साथ-साथ चलते हैं। वर्तमान में 15 राज्यों में 9,000 से अधिक नंद घर केंद्र कार्यरत हैं, जो 3.6 लाख बच्चों और 2.7 लाख महिलाओं तक पहुंच बना चुके हैं।

## राजकीय कृत विद्यालय में शिक्षक, अभिभावक और प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक




**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** राजकीय कृत उच्च विद्यालय +2 मनिका में शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त बैठक शुक्रवार को प्रधानाध्यापक डॉ मृगेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के प्रांगण में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि दारोगी प्रसाद यादव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनिका सी-3 के जिला समन्वयक प्रिंस कुमार मनिका बीपीओ निकेत कुमार उपस्थित रहे। उत बैठक में अवनीन्द्र कुंठ के द्वारा मंच संचालन किया गया तथा एसएमसी के अध्यक्ष एवं विद्यालय के सभी शिक्षक को, छात्र-छात्राओं के द्वारा एवं अभिभावकों को स्वागत किया गया। अभिभावकों ने शैक्षणिक एवं क्रियाकलापों की उत्कृष्टता पर चर्चा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य कार्यों के संबंध में अपने-अपने विचार का सुझाव दिया, अनुशासन बनाये रखने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मृगेंद्र नारायण सिंह के द्वारा बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## घरों में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाये अभिभावक : एसडीओ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगी, कुडू में पीटीएम बैठक में अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ विद्यालय के बाल संसद के मंत्री और सदस्य भी शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने विद्यालय एवं घरों में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाने हेतु अनेक सुझाव दिए एवं शिक्षा के महत्व पर विशेष रूप से कहा कि बच्चों के प्रति सकारात्मक विचार अपनाते हुए उनकी भावनाओं को समझने की आवश्यकता है। शिक्षा के प्रति उन्हें गंभीर होने की आवश्यकता है।

# जिउतिया को लेकर लोहरदगा के बाजार रहे गुलजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नहाय-खाय के साथ 13 सितंबर से श्रद्धा और आस्था का पर्व जिउतिया आरंभ होगा। नहाय खाय के अगले दिन 14 सितंबर को व्रती महिलाएं निर्जला उपवास रखेंगी। जिउतिया अर्थात जीवित्पुत्रिका व्रत का विशेष महत्व है, जीवित्पुत्रिका व्रत माताएं अपनी संतान की सुरक्षा, स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु होने के लिए करती रही हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार यह व्रत आश्विन माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। जिउतिया पर्व को लेकर बाजार में शुक्रवार को गहमा-गहमी रही। खासकर महिलाओं की भीड़ अधिक देखी गयी। लोगों ने खासकर महिलाओं ने सोने तथा पीतल के बने जिउतिया एवं अन्य पूजन सामग्रियों की जमकर खरीदारी की। खरीददारी को लेकर सुबह से ही बाजारों में काफी भीड़ भाड़ देखी गयी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। सर्वाधिक भीड़ स्वर्णकारों के दुकानों पर देखने को मिल रही थी। महिलाएं सोने की बनी जिउतिया खरीदने में मशगूल दिख रही थी वहीं स्वर्णकारों ने भी जिउतिया की मांग को देखते हुए पूर्व से ही तैयारी कर रखी थी। पुत्रों के अनुसार जिउतिया पहनने का रिवाज रहा है। इसको लेकर महिलाएं सोने एवं रेशम के धागों की बनी जिउतिया खरीद रही थी। वहीं नहाय खाय को लेकर सतपुतिया, कंदा, नोनी के साग की भी खूब बिक्री हुई।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
09

## चैनपुर में अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी पर डीसी ने की कार्रवाई

# प्रखंड आवास समन्वयक कार्यमुक्त

### आवास योजना में 18 अयोग्य लाभुक को लाभान्वित करने पर कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीसी समीरा एस ने चैनपुर प्रखंड के आवास योजना समन्वयक बीरबल कुमार रवि को कार्यमुक्त कर दिया गया हैं। जानकारी के अनुसार तलेया बभंडी पंचायत के 18 अयोग्य लाभुकों को गलत तरीके से प्रथम किस्त की राशि का भुगतान कर दिया, जबकि इस मामले में पंचायत सचिव अमीन हसन ने अयोग्य लाभुक होने की



चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय की फाइल फोटो।

जानकारी प्रखंड आवास समन्वयक को दिया था। बावजूद इसके प्रखंड आवास समन्वयक ने पंचायत सचिव की बातों को अनसुना करते हुए अयोग्य लाभुक का प्रथम किस्त का राशि भुगतान कर दिया। सचिव ने इसकी लिखित शिकायत डीडीसी से की थी। साथ ही प्रखंड आवास समन्वयक से डीसी ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास का वित्तीय वर्ष 2023-2024 व 2025 का निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत लाभुकों का निबंधन और जियो टैग एवं लाभुक का प्रथम-द्वितीय किस्त की राशि स्वीकृति के बारे में जानकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं व्हाट्सएप के माध्यम से ली गई, लेकिन प्रखंड समन्वयक ने असंतोषजनक जवाब दिया। इस पर डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रखंड समन्वयक को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया।

## अनुकंपा से जुड़े मामलों को लंबित न रखा जाये: डीसी




**स्थापना और अनुकम्पा समिति की बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त (डीसी) नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति से संबंधित मामलों की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। इसमें डीसी ने संबंधित सभी विभिन्न विभागों, प्रखंडों और अंचलों से आये अनुकम्पा से संबंधित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुकम्पा से जुड़े मामलों को लंबित न रखा जाए और उनका त्वरित निष्पादन किया जाए। सामान्य अनुकंपा से जुड़े 11 आवेदनों (तृतीय वर्गीय), चौकीदार नौ और चतुर्थ वर्गीय एक आवेदन के संबंध में डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी त्रुटियों का निराकरण जल्द से जल्द करा लें। कहा कि अनुकंपा के मामले में अन्य राज्यों से प्राप्त आवेदनों के प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच संबंधित जिला जिलाधिकारी से करा लें, ताकि आगे किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर देवघर के अपर समाहर्ता, जिला स्थापना उपसमाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा स्तर को बेहतर और स्कूलों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर देने का निर्देश

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सुक्रवार को जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार हुई। जिसमें जिले के मध्य स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष चर्चा हुई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिक्षा स्तर को बेहतर और स्कूलों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने सभी मध्य विद्यालयों में वर्ग एक से पांच तक 1205 एवं वर्ग छह से आठ तक के 1415 के बच्चों की शिक्षा के लिए सहायक आचार्य की स्कूल वाइज पद वितरण प्रदान करते हुए स्वीकृत किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। विद्यालयों में सहायक आचार्य की प्रतिनियुक्ति एवं विद्यालयों के जीर्णोद्धार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की। इस मौके पर विधायक के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति के सदस्य आदि थे।

## अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी : डॉ ईश्वर सागर




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय प्रांगण में दीक्षारंभ 2025 का आयोजन हुआ। जिसका संचालन प्रो गोविंद सिंह और प्रो रवि रंजन मंजुल ने किया। इस अवसर पर बीटेक, पोलिटेकनिक, एससीए, बीसीए, पीजीडीसीए, भी फार्मा, डी फार्मा और आईटीआई के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार झा, रजिस्ट्रार डॉ देबाशीष मंडल, नियंत्रक डॉ नील कुमार, ओएसडी डॉ सुरजीत कुमार सिंह, आरसीआईटी के प्राचार्य डॉ राम कुमार सिन्हा, आरसीपीआई के प्राचार्य डॉ रवि कुमार, प्राचार्य टीसीपीसी डॉ उदय अग्रहरि और समाजसेवी रामचंद्र यादव आदि उपस्थि रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को जीवन की नई शुरूआत पर बधाई दी। कहा कि अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। वहीं, कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार झा ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का साधन है। रजिस्ट्रार डॉ देबाशीष मंडल ने विद्यार्थियों को मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। जबकि नियंत्रक डॉ नील कुमार ने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय की अनुशासनात्मक परंपरा का पालन करते हुए शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिसर के सभी विभागों के एचओडी एवं संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने जेएसएलपीएस की दीदियों को सौंपी सवारी गाड़ी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जेएसएलपीएस के आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत माल वाहक एवं सवारी वाहन की चाबी देकर एवं हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की। इस योजना का उद्देश्य सुदूर क्षेत्र को यातायात सुविधा से जोड़कर सखी मंडल को आजीविका उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सखी मंडल-संकुल संगठन को प्रति वाहन छह लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। डीसी ने दीदियों को नियमित चलने और लेखा-जोखा रखने पर बल दिया, ताकि आयव्यय का पता चल सके। प्रथम चरण में सतबरवा प्रखंड के धावड़ीह संकुल संगठन एवं सतबरवा संकुल संगठन को राशि उपलब्ध करायी गयी है। जिसमें धावाडीह संकुल संगठन की ओर से मालवाहक एवं सतबरवा संकुल संगठन के सूरज सखी मंडल के बिमली देवी ऑटो रिक्शा ली। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत आजीविका संगठनों की दीदियों को वाहनों की उपलब्धता हो जाने से ये महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। वे स्वयं सहायता समूह के माध्यम से न सिर्फ अपनी आजीविका में सुधार ला रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, जेएसएलपीएस डीपीएम अनिता केरकेट्टा, जिला प्रबंधक स्किल, बीपीएम, बीपीओ के संकुल संगठन की दीदियां उपस्थित रहीं।

## शराब दुकान हटाने की मांग, डीडीसी एवं उत्पाद अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के बेलवाटिका मोहल्ला की महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उत्पाद अधीक्षक और डीडीसी जावेद हुसैन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी है कि बेलवाटिका चौक जैसे रिहाइशी इलाके से शराब दुकान को हटाया जाए। महिलाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं लेकिन इसका अभीतक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला है। इस लिए जल्द से जल्द इस मुद्दे पर संज्ञान लिया जाए। क्योंकि दुगार्पूजा का त्योहार बिल्कुल नजदीक है। ऐसे में नवयुवक संघ बेलवाटिका के पंडाल के ठीक सामने शराब दुकान चलना हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ है। स्कूलों के विपरीत, मंदिर, नर्सिंगहोम, पवित्र कल्पतरू इसी चौक पर स्थित है। ऐसी जगह पर शराब दुकान का होना अत्यंत दुखद है, जबकि इस दुकान का आवंटन स्टेशन रोड के लिया हुआ है।

## आसनसोल एडीआरएम ने किया मधुपुर स्टेशन और संयुक्त रनिंग रूम का निरीक्षण



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** आसनसोल रेल मंडल के एडीआरएम प्रवीण कुमार प्रेम ने शुक्रवार को मधुपुर स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया सहित चालक एवं ट्रेन संयुक्त रनिंग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने रेल अधिकारियों के साथ मधुपुर में अमृत भारत के तहत स्टेशन का हो रहे विकास कार्यों को देखा। स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया और विकास कार्यों का जायजा लिया। रेलवे कॉलोनी स्थित चालक एवं ट्रेन प्रबंधक संयुक्त विश्राम गृह, पूर्व रेलवे मधुपुर का भी निरीक्षण किया। वहां रह रहे ड्राइवर एवं गार्ड के खान पान की भी जांच की। साफ सफाई, पेय जल, सुविधा का जायजा लेते हुए रेल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। लगे हाथ स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के कामों में तेजी लाने को कहा। इस मौके पर सीनियर डीएसओ आसनसोल अविनाश कुमार, सीनियर डीइइ/ओपी आसनसोल कौशिक चट्टोपाध्याय, सिनियर डीएन टू बंदना सिन्हा, स्टेशन प्रबंधक रवि शेखर, सीटीआई अमरदीप, मधुपुर स्टेशन प्रबंधक आई ओडब्ल्यू सिन्हा, कैरेज एंड वैगन अभियंता आरके सिंहा, आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद, नितेश कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक कुमार अभिमन्यु आदि मौजूद थे।

## भविष्य कौशल आधारित शिक्षा की शुरुआत



**देवघर (आजाद सिपाही)।** क्वेस्ट एलायंस ने जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से तीन दिवसीय 'फाउंडेशनल आइडियाथॉन-हैकाथॉन' कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें जिले के 80 नोडल शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्हें विद्यालयों में क्रिटिकल थिंकिंग, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, समस्या समाधान और नवाचार जैसी अवधारणाओं को शामिल करने की दिशा में उन्मुख किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को देवघर, देविपुर, मधुपुर और प्रखंडों से आए 40 प्रधानाध्यापकों को भी अभिमुखीकरण सत्र दिया गया, ताकि वे विद्यालय स्तर पर नोडल शिक्षकों को सहयोग प्रदान कर सकें। यह साझी पहल विद्यालयों में भविष्य कौशल आधारित समावेशी शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एम्पैथी मैपिंग, व्हाई-व्हाई एनालिसिस, 5डब्ल्यू1एच फ्रेमवर्क और रैपिड प्रोटोटाइपिंग जैसे टूल्स की झलक दी गई। जोर दिया गया कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रहकर बच्चों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जूझने और समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए तैयार करे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राज्य समन्वयक सुषांत पाठक और संचालन शाहिद अहमद एवं शितांशु शर्मा (क्वेस्ट एलायंस) ने किया। इसके अलावा शर्मिष्ठा, जियाधर, शुभम, आकाश, सत्यजीत, सौरजित, असीत, सद्दाम, घनश्याम और ऋषि कार्यशाला को सफल बनाने में सहयोग किया।

## देवघर में शांति मशाल यात्रा का आयोजन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर चौक से शुक्रवार को ऑल इंडिया बौध्दिष्ठ फोर्म की ओर से एक मशाल यात्रा निकाली गयी। देश के सभी राज्यों में 10 अगस्त से चल रहे शांति मशाल यात्रा का झारखंड में शुभारंभ देवघर जिला से शुरू किया। यह यात्रा झारखंड के सभी जिलों में निकाली जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि बिहार के गया जिला में आज भी काला कानून 1949 एक्ट है, जो भारतीय संविधान के विरुद्ध है। इसके तहत, गया जिला में बौद्ध धर्म का संचालन बौद्ध भिक्षुओं को करने देना चाहिए, लेकिन बिहार में बौद्धों के साथ अन्याय हो रहा है। विश्व धरोहर ज्ञान संचालित बौद्ध गया में चार बौद्धिष्ठ हैं और चार गैर बौद्धिष्ठ हैं। गया जिला के जिला अधिकारी हिंदू होंगे तो ही पदेन प्रबंधन समिति का अध्यक्ष होंगें अन्यथा दूसरे जिला के जिला अधिकारी बौद्ध गया के बौद्ध मंदिर का प्रबंधन समिति का अध्यक्ष होंगे। इस व्यवस्था से लोकतंत्र का हनन हो रहा है। इसी के विरोध में इस दिन देवघर में शांति मशाल यात्रा निकाली गयी। इसे सफल बनाने में ऑल इंडिया बौद्धिष्ठ फोरम के भीक्खू संघ प्रभारी भीक्खू सुनीत पाल थैरो और आकाश लामा राष्ट्रीय सचिव का विशेष योगदान रहा।

## वृक्ष प्राकृतिक आपदाओं को रोकने में भी निभाते हैं अहम भूमिका : विधायक

**देवघर में हुआ 76वां वन महोत्सव का आयोजन, पौधारोपण का दिया संदेश**



**देवघर (आजाद सिपाही)।** वन प्रमंडल के तत्वावधान में चल रहे 76वें वन महोत्सव का शुक्रवार को सारठ प्रखंड स्थित दुमदुमी गांव में उत्साह और जनसहभागिता के साथ आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सारठ के विधायक उदय शंकर ऊर्फ चुन्ना सिंह शामिल हुए। उन्होंने आम का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और जैव विविधता को बनाए रखने में पेड़ों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि वृक्ष न केवल हमें प्राणवायु देते हैं, बल्कि मिट्टी संरक्षण, वर्षा चक्र के संतुलन और प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभाते हैं। महोत्सव के निर्देशक देवघर वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक भूषण ने वृक्षों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान के साथ ही वन विभाग की ओर से प्रदत्त ग्रामीणों को योजनाओं से अवगत कराकर उनसे लाभान्वित होने का आग्रह किया। जिले के वन क्षेत्र पदाधिकारीएस डी सिंह ेन सभी आगंतुकों का अभिवादन किया। इस मौके पर मुखिया मोहम्मद समीम, ग्राम प्रधान मनी भूषण दास, ग्राम वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिहिर दास, वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी अमीश आशीष, पंकज, अजय, तपन, विकास, विक्रमजीत, शशिभूषण, सुमन और निलेश आदि मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वाबलंबी बन रही महिलाएं: पार्वती



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के देवरी कला पंचायत के कुसुआ गांव में शुक्रवार को जेएसएलपीएस आजीविका मिशन के संकुल स्तरीय महिला समूह का वार्षिक आमसभा आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, पंसस अजित कुमार सिंह और मुखिया अमरेंद्र ठाकुर आदि ने किया। इसके बाद संकुल के वितीय वर्ष का लेखा जोखा पेश किया गया। जिसमें विभिन्न माध्यमों से आय-व्यय के बारे में जानकारी दी गयी। महिला थाना प्रभारी ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जेएसएलपीएस महिलाओ को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से मजबूती प्रदान कर सशक्त बना रही है, जो क्षेत्र और समाज के लिए एक अच्छी पहल है। उन्होंने उपस्थित लोगों से डायन, भूत-प्रेत जैसे अंधविश्वास से दूर रहने की अपील की। वहीं, पंसस अजित सिंह ने कहा कि आज महिला हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। समाज को नई दिशा दिखा रही हैं। आज ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं जेएसएलपीएस के माध्यम से जुड़कर स्वरोजगार के माध्यम से स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## निर्देश : जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

# छापामारी कर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों की मिलावट का समय-समय पर करें जांच : डीसी

**हुसैनाबाद के सोन किनारे अफीम की खेती के खिलाफ संयुक्त छापामारी करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीसी कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक हुई। जिसमें नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की समीक्षा की गयी। इसमें एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की। वहीं, डीसी ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापामारी करने का निर्देश दिया। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। वहीं, एसपी रीष्मा रमेशन ने पुलिस के डिस्ट्रक्शन की कार्रवाई में स्थानीय प्रखंड कृषि पदाधिकारी को भी रहने पर बल दिया, ताकि अफीम का सर्टिफिकेशन का कार्य किया जा सके। इसके अलावे एसपी ने हुसैनाबाद के सोन किनारे होने वाले अफीम की खेती पर रोक लगाने को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ एवं एसडीओ और बिहार के तरफ से रोहतास के एसडीपीओ और एसडीओ के साथ संयुक्त कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में डीसी ने सीएस को डीएडिक्शन सेंटर को पूर्ण रूप से क्रियाशील करने एवं आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं दुरुस्त रखने की बात कही। इसके अलावे मनातू और नौडीहाबाजार के इलाके में जहां अफीम के खेती की संभावना रहती है, वहां के किसानों को मुख्य धारा की कृषि कार्य से कैसे जोड़ा जाये इसपर जिला कृषि पदाधिकारी को कुछ विशेष कार्य योजना तैयार करने को लेकर चर्चा की। इसके अलावे अंतर विभागीय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, तीनों एसडीएओ, शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## बीडीओ के पत्र की अवेहलना, नहीं हो रहा प्रखंड कृषि पदाधिकारी के प्रभार का आदान-प्रदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर बीडीओ प्रदीप कुमार दास की ओर से प्रखंड कृषि पदाधिकारी के कार्य में तीन जुलाई महीने को शिथिलता देखते हुए जनसेवक श्याम सुंदर पाठक को प्रखंड कृषि पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार लेने का लिखित पत्र जारी किया था। लेकिन बीडीओ के निर्देश की अवेहलना करते हुए जनसेवक श्याम सुंदर पाठक एवं तत्कालीन कृषि पदाधिकारी शिव नारायण उरांव ने प्रभार का आदान प्रदान नहीं किया।

जबकि लिखित पत्र के अनुसार तीन दिन के अंदर प्रभार का आदान प्रदान करना था। पर जनसेवक द्वारा नियमों को ताक पर रखते हुए प्रभार ग्रहण नहीं किया गया। इस संदर्भ में बीडीओ ने कहा कि जिला में सरकारी कार्य को लेकर श्याम सुंदर पाठक एवं शिव नारायण उरांव व्यस्त हैं। इस कारण प्रभार ग्रहण नहीं कर पाये हैं, जबकि दूसरी ओर तत्कालीन बीओ एवं जनसेवक पाठक का प्रखंड कार्यालय में प्रतिदिन आना जाना लगा हुआ है।

## चैनपुर में बॉक्साइट लदा हाइवा जब्त



चैनपुर (आजाद सिपाही)। कुरूमगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र के कोठी, गारीदानी पी एफ में अवैध बॉक्साइट खनन पर वन प्रमंडल पदाधिकारी बिलाल अहमद के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गयी। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी वनपाल डुमरी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने बॉक्साइट लदे हाइवा ट्रक संख्या जेएच 01 डीवी 5086 को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई में डुमरी थाना प्रभारी टीम, गुमला फारेस्ट टीम, रायडीह फारेस्ट टीम, चैनपुर फारेस्ट टीम, रेंज ऑफिस स्टाफ और क्यू आर टी की टीमों ने सहयोग किया। जब्त किये गये हाइवा ट्रक को चैनपुर कैम्पस में लाकर सुरक्षित रखा गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हाइवा को जब्त कर लिया। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है। वन विभाग की टीम आगे भी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी। चैनपुर में अवैध बॉक्साइट खनन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई से अवैध खनन पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है। वन विभाग की टीम ने हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे भी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी।

## प्रखंड स्तरीय ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बने बिरसा उरांव



सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय ग्राम प्रधान संघ के गठन को लेकर पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से डहुडीह के ग्राम प्रधान बिरसा उरांव को अध्यक्ष, बालेश्वर उरांव को उपाध्यक्ष, सिससरी प्रधान माड़वारी उरांव को सचिव, मुर्गू के शंकर पाहान को सह सचिव और कुदरा के जयराम उरांव को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बिरसा उरांव ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में जनता जनार्दन और जनता का निर्णय ही सर्वमान्य होता है। क्षेत्र और जनता के सर्वांगीण विकास में ग्राम सभा का महत्व सबसे बड़ा है। ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा की अहमियत, ग्राम सभा की शक्ति व अधिकार के लिए जागरूक करना और ग्राम प्रधान के हितों की रक्षा मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान मौजूद सीओ अशोक बड़ाइक ने भी ग्राम प्रधानों की सुची उपलब्ध कराने, सभी प्रधानों का मासिक बकाया राशि दिलाने में सहयोग करने और भविष्य में ग्राम प्रधानों की बैठक के लिए प्रखंड कार्यालय में स्थित सभागार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अलावा ग्राम प्रधान सुदर्शन पहान, जोहन उरांव, भंडारी उरांव, ललित खड़िया, रतिया खड़िया, जितराम उरांव, मंगलेश्वर पहान, बुद्धेश्वर उरांव, सुरेश पहान,लक्ष्मण उरांव, विरसु पहान, विष्णु खड़िया, बासुदेव उरांव, रंथु उरांव, बुधनाथ टाना भगत, कलेश्वर उरांव, बंधन मुंडा, रोपना उरांव,एतवा पहान, शिवनारायण उरांव, रंजीत पहान, अमित उरांव, प्रदीप उरांव, दशई उरांव सहित दर्जनों गांव के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## जनशिकायत निवारण शिविर में 17 आवेदनों में से 12 का तुरंत निष्पादन



सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पेंशन योजना संबंधित 7, मईयां सम्मान योजना संबंधित 5, बिजली विभाग से संबंधित 1, सड़क निर्माण से संबंधित 2, एवं अन्य से 2 आवेदन प्राप्त किए गये। कुल 17 आवेदनों में से 12 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया एवं 5 आवेदन को संबंधित विभाग को निष्पादन हेतु अग्रसारित कर दिया गया। मौके पर अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, अंचल कर्मचारी प्रकाश उरांव, मुनेश्वर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु सहित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## दिरगांव में दुष्कर्म के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका दिरगांव गांव में घाघरा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर शुक्रवार को इश्तिहार चिपकाया। इस संबंध में एसआइ मनीष कुमार ने बताया कि कांड संख्या 41/25 के आरोपी प्रमोद जायसवाल के घर इतिहास चिपकाये गया है। प्रमोद के ऊपर नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। गिरफ्तार के डर से प्रमोद लगातार फरार चल रहा है कई बार छापेमारी की गयी पर पकड़ में नहीं आया। जिसके बाद उसके घर में जाकर इश्तिहार चिपकाए गया है। साथ ही परिजनों को यह जानकारी भी दी गयी कि आरोपी को जल्द-जल्द न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने की सलाह दें अन्यथा आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# गुमला में फिर से शुरू हुआ रेलवे आरक्षण टिकट काउंटर

आजाद सिपाही संवाददाता




गुमला। जिलेवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे इंतजार के बाद गुमला में एक बार फिर रेलवे आरक्षण टिकट काउंटर की शुरुआत हुई। शुक्रवार को को-ऑपरेटिव बैंक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव और पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर काउंटर का उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि जिले में रेलवे आरक्षण काउंटर फिर से शुरू होने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब जिलेवासियों को टिकट बुकिंग के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जिलेवासियों को यह सुविधा दोबारा देकर राहत पहुंचायी है। सांसद समीर उरांव ने कहा कि इस काउंटर से लोग आसानी से अपनी रेल यात्रा के लिए टिकट प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अवैध या दलालों के माध्यम से टिकट लेने से बचें। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, भाजपा नेता मुनेश्वर साहू, दामोदर कसेरा, रूपन साहू, निर्मल गोयल, सविंद्र सिंह, बालकेश्वर सिंह और गोला चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रेलवे आरक्षण काउंटर की पुनः शुरूआत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सुविधा जिले के हजारों यात्रियों को राहत देगी। गुमला में आरक्षण काउंटर खुलने से न केवल यात्रियों का समय और पैसा बचेगा, बल्कि रेल सेवाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।

## युवक ने पत्नी की खोजबीन की गुहार लगायी



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के आदर मालगो ग्राम निवासी बलिराम महतो ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी पत्नी कलावती देवी के गुमशुदगी की जानकारी देते हुए खोजबीन का गुहार लगाया है। अपने आवेदन में बलिराम ने कहा है कि पत्नी चार सितंबर को दिन के 9 बजे घर से कहीं निकाली और चली गई। काफी खोज में किया गया पर कहीं पता नहीं चला अपने रिश्तेदारों के यहां भी पूछताछ की गया। अंत में बलिराम घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर बलिराम ने खोजबीन का गुहार लगाया है। बलिराम ने लोगों से आग्रह भी किया है कि यदि उसकी पत्नी की पता चले तो मोबाइल नंबर 9546820239 व 9153543043 पर संपर्क कर जानकारी देने का आग्रह किया है।

# अंडर 15 स्टेट कैंप के लिए गुमला की चार लड़कियों का हुआ चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला को खेल नगरी रूप में जाना जाता है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के कई खिलाड़ियों को राज्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। गुमला जिले में लड़कियां भी क्रिकेट के क्षेत्र में अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार है। अंडर 15 स्टेट कैंप के लिए चार लड़कियों का गुमला से सेलेक्शन हुआ है। जिनमें श्वेता कुमारी, संगीता कुमारी, बिंदेश्वरी कुमारी और अलीशा तिर्की शामिल है। मेडिकल टेस्ट का रिजल्ट आने के बाद ये चारों झारखंड स्टेट में अपना दमखम दिखाएगी। शुक्रवार की सुबह 7 बजे ट्रेनर ज्ञान प्रकाश ने बताया परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम 2 में प्रतिदिन सुबह-शाम करीब 40 से 50 लड़कियां व लड़कों को प्रशिक्षण दिया जाता है। सुबह शाम ये खिलाड़ी अपना पसीना बहाते हैं उन्हें क्रिकेट की बारीकीयों से अवगत कराया जाता है। कड़ी मेहनत का फल है कि गुमला जिला से आदिवासी लड़कियों का स्टेट कैंप के लिए चयन हुआ है। खिलाड़ियों ने कहा राज्य स्तर में खेलने के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर में खेल का प्रदर्शन उनका मुख्य लक्ष्य है।

# कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। झारखंड के सभी सरकारी कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी एमएसीपी लाभ,सरकारी कर्मियों के सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष और शिशु शिक्षण भत्ता की मांग को लेकर झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन झारोटेफ जिला अध्यक्ष जयन्त कुमार पाण्डेय और सचिव हरेंद्र कुमार ने जिले के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से 20 सितंबर को आयोजित होने वाले कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। महासम्मेलन आगामी 20 सितम्बर जिला स्कूल मैदान रांची में होगा जहां राज्य भर से करीब पचास हजार से भी अधिक कर्मचारियों के महाजुटान की तैयारी प्रान्त द्वारा की गयी है। गुमला जिले से भी इस बार 1500 से 2000 की संख्या में शिक्षकों, कर्मचारी और पदाधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल शिक्षकों के लिए नहीं बल्कि राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों और पदाधिकारी के लिए महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों को अपनी शक्ति दिखाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने यह विश्वास दिलाया की हर बार की तरह इस बार भी गुमला जिला प्रान्त के कार्यक्रम में कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेगा और अपने मांगों के समर्थन में जिला स्कूल मैदान, शहीद चौक रांची में जमा होगा।

## घायल महिला की इलाज के क्रम में मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के कोन्डरा गांव निवासी 40 वर्षीय महिला एतवारी देवी पति धुंजू लोहरा की सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में गुरुवार की आधी रात मौत हो गयी। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए पति धुंजू लोहरा ने बताया बीते बुधवार की शाम बारिश की आशंका को लेकर छत में सुख रहे चाकोड साग को नीचे उतारने के लिए लकड़ी की सीढ़ी से चढ़ी। इसके बाद नीचे उतर रही थी तभी सीढ़ी टूट गया और वह सर के बल जमीन पर गिर गयी। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। इसके बाद बुधवार की रात में ही उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में वह इलाजरत थी।

# पोषण माह के अवसर पर बानागुटू और बसिया में जागरूकता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड के बानागुटू के राजकीयकृत मध्य विद्यालय और बसिया हाइ स्कूल में पोषण माह के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदान संस्था के प्रतिमा कुमारी,सीता कच्छाओ, शिवचरण गोप और बिभीषण साहू ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों को पोषण और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**माहवारी स्वच्छता और पोषण पर जागरूकता :** कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को माहवारी स्वच्छता और पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कैसे वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं और स्वस्थ जीवनशैली अपना सकते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने पौष्टिक आहार खाने का संकल्प लिया और नारे लगाए। एचएम संजय कंसारी और ने भी पोषण माह के बारे में जानकारी दी और छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**पोषण माह का महत्व :** पोषण माह का आयोजन कुपोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को पोषण और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अपनी जमीन से ताजिया हटाने की मांग उपायुक्त और एसपी को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। बड़ाईक मुहल्ला निवासी रूपेश कुमार सिंह ने उपायुक्त गुमला, पुलिस अधीक्षक गुमला और अनुमंडल पदाधिकारी गुमला को ज्ञापन देकर गुहार लगाई कि आजाद बस्ती स्थिति मुस्लिम बहुल क्षेत्र में इनके पूर्वजों का जमीन, सात,आठ डिसमिल परती पड़ी हुई थी। इस जमीन के बीचोबीच 5सितंबर की रात्रि में अहमद लेन आजाद बस्ती गुमला के निवासी गण मुहर्रम में घुमाया जाने वाला ताजिया को गाड़ दिए हैं। इस घटना की खबर पूरे गुमला शहर में फैल गई और अनेक हिंदू धर्म के संगठनों के द्वारा इस कृत्य के विरोध में जिला प्रशासन के समक्ष धरना प्रदर्शन के लिए इन्हें प्रस्ताव दिया। परन्तु शहर में शांति व्यवस्था कायम रहे इस निहित इन्होंने ने अपने हिंदू धर्म के संगठनों का प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कानून का पालन करते हुए गत 6 सितंबर को गुमला थाना में आवेदन दिया गया। परन्तु ताजिया गाड़ने वालो के सरगना का मुखिया आरिफ अंसारी जो जेएमएम गुमला जिला का सचिव जिनके राजनीतिक दबाव में गुमला थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज नही की। और न ही इनके जमीन से विवादित ताजिया को हटाया गया है। इसी निहित में आवेदक रूपेश कुमार सिंह ने जिला के वरीय पदाधिकारियों के समक्ष गुरुवार को आवेदन देकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखे जाने हेतु अविलंब कारवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि गुमला शहर एक हिन्दू समुदाय के मुस्लिम बहुल क्षेत्र में स्थित जमीन पर ताजिया गाड़ कर सद्भावना को बिगाड़े जाने वाले लोगों में लगभग आधा दर्जन लोगों को नामजद आरोपी बनाया है।

## बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति की बैठक कल घाघरा में

गुमला (आजाद सिपाही)। बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति की आवश्यक बैठक 14 सितंबर 2025 को घाघरा में बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित की जाएगी। विदित हो कि माइंस क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल, सड़क, रोजगार, सिंचाई, इत्यादि समस्याओं का अंबार है। डी.एम.एफ.टी फंड या सी.एस.आर के तहत माइंस प्रभावित गांवों में कोई भी कार्य योजनाबद्ध तरीके से नहीं की जा रही है। सिर्फ लूट और कमीशनखोरी के लिए योजनाएं संचालित की जाती है जिससे बुनियादी सुविधा माइंस क्षेत्र के संचालन के 50 साल के बाद भी लोगों को नहीं मिल पा रही है। यही कारण है कि आज भी माइंस क्षेत्र के आदिवासी तथा जंगल पहाड़ में रहने वाले मूलवासी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं और पलायन की भी समस्या बॉक्साइट का भरमार वाली गांव क्षेत्र से दिनों-दिन बढ़ रही है। इस मामले को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए बैठक बुलायी गयी है।

# कहासुनी के बाद प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या

संतोष साहू



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। कच्ची उम्र के प्रेमी युगल ने एक ही दिन अपने अपने घरों में फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस खबर को प्रखंड मुख्यालय में जिसने भी सुना दिल थाम कर रह गया। शुक्रवार को दिल दहला देने वाली यह घटना आठवीं कक्षा की छात्रा 14 वर्षीय अंतरा कुमारी और उसके प्रेमी नवागढ़ सेरका निवासी पवन उरांव के बीच घट गई। दोनों का शव जिसने भी देखा उसकी आँखें भर आई। बताया गया कि अंतरा कुमारी और पवन उरांव के बीच पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने साथ जीने साथ मरने की कसम खा रखी थी। शुक्रवार को घटना वाले दिन दोनों प्रेमियों के बीच कुछ कहा सुनी हो गई। फिर क्या था अंतरा ने अपने घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन बता रहे कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इसी बीच इस आत्महत्या की प्रेमी पवन को मिली। सूचना मिलते ही 16 वर्षीय पवन उरांव भी गहरे सदमे में चला गया। और मौका मिलते ही उसने भी अपने घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और पंचनामा के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। गांव का माहौल गमगीन है। मासूम उम्र में प्रेम का यह दर्दनाक अंजाम समाज के लिए एक बड़ा सवाल छोड़ गया है।

# डीसी ने जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। आज उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस जन संवाद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने भाग लिया और अपनी व्यथा, समस्याएं एवं आवश्यकताओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण दिवस में नागरिकों की समस्याएं राशन कार्ड, सहायता, आवास निर्माण की राशि, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों से जुड़ी थीं, जिनमें कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों पर त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। घाघरा प्रखंड अंतर्गत शिवराजपुर के भुवलटोली निवासी एक मजदूर द्वारा आज उपायुक्त महोदया के समक्ष अपनी समस्या बताई गई। उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा इनसे एवं गांव के नवा लोगों से मुख्यमंत्री नल जल योजनाके तहत चबूतरा एवं नल लगवाने का कार्य करवाया गया। और कार्य समाप्ति के पश्चात अबतक मजदूरी भुगतान नहीं किया गया। जिससे इन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने उपायुक्त से गुहार लगाई है कि इन्हें इनकी मजदूरी का भुगतान शीघ्र करवाया जाए। जन शिकायत निवारण दिवस में कई मामले जमीन से जुड़े थे।

## रेलवे रिजर्वेशन सेंटर का उद्घाटन के बाद दामोदर कसेरा ने किया प्रश्न

# आखिर गुमला को रेलवे से कब जोड़ा जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। भारत सरकार द्वारा संचालित रेलवे रिजर्वेशन सेंटर का उद्घाटन होने के बाद चैंबर ऑफ कॉमर्स के निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने प्रश्न किया है कि आखिर गुमला को रेलवे से कब जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी रेलवे टिकट काउंटर गुमला में खोला गया था लेकिन रेलवे से गुमला को जोड़ने का सपना आज तक पूरा नहीं हुआ। आजादी के बाद से गुमला के नागरिक व्यापारिक गुमला को रेलवे से जोड़ने की मांग कर रहे हैं। कई बार चर्चा होती है कि सर्वे चल रही बहुत जल्द गुमला को रेलवे जोड़ा जायेगा फिर बात आई गई हो जाती है। चेंबर के ओर से भी लगातार इसकी मांग होती रही है। गुमला में रेल लाओ संघर्ष समिति बनाई गयी और आंदोलन कर रेलवे को जोड़ने की मांग की गई। लोहरदगा के सांसद के सुदर्शन भगत और राजसभा सांसद समीर उरांव के भी द्वारा भी रेलवे को जोड़ने की मांग की गई थी। वर्तमान के लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने रेल मंत्री से मिलकर लोहरदगा से गुमला भाया कोरबा जोड़ने की मांग की है। रेल मंत्री ने उनको भी आश्वासन मिला है लेकिन सवाल उठता है कि सरकार के मंत्री गुमला में रेल को जोड़ने पर रुचि क्यों नहीं लेते हैं? आजादी की लंबी अवधि बीत जाने के भी गुमला व्यापारी आम नागरिकों को रेलवे की सुविधा नहीं मिली है। गुमला को रेलवे से जोड़ने से व्यापारियों को एक दूसरे राज्य से सामग्री मांगने में सुविधा होगी आमलोगों को आवागमन में सुविधा होगी

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 12 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## डीसी ने मनरेगा नियुक्ति समिति की बैठक की, दिया जरूरी निर्देश

# एक से अधिक जिलों में आवेदन करने वाले आठ अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द

- जनता दरबार में 61 मामलों की सुनवाई की, मौके पर ही कई मामलों का किया निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अजय नाथ झा ने शुक्रवार को मनरेगा नियुक्ति समिति की बैठक की। इसमें पूर्व में हुई नियुक्ति में एक से अधिक जिलों में आवेदन करने वाले आठ अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द कर दी गयी। वहीं, तीन अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न पदों से इस्तीफा दिए जाने के कारण पद रिक्त हो गया था। डीसी ने सभी सदस्यों से सहमति लेते हुए प्रतिक्षा सूची से संबंधित कोटी से अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का निर्देश दिया।

इसमें कनीय अभियंता पद पर छह, सहायक अभियंता पद पर दो एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पद पर एक शामिल है। दो पद रिक्त है, संबंधित कोटी में प्रतिक्षा सूची रिक्त है। बैठक में डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीआरडीए निदेशक मेनका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

## आत्महत्या का प्रयास करने पहुंची महिला को डीसी ने दिया संबल, कहा- जीवन अनमोल है

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में डीसी अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान कसमार थाना क्षेत्र के धधकिया गांव की रहने वाली शांता मुखर्जी ने निराशा एवं पीड़ा से आहत होकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने को विवश होने की बात कहीं। इसपर डीसी ने न सिर्फ संवेदनशीलता के साथ महिला को रोक लिया, बल्कि उसे यह भरोसा दिलाया कि जीवन सबसे बड़ा उपहार है। हर कठिनाई का समाधान संभव है। उन्होंने मौके पर ही संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने बेरमो एसडीपीओ और कसमार बीडीओ को तुरंत आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। संबंधित आरोपितों को स्पष्ट चेताया कि शांता मुखर्जी या उसके परिजनों को तनिक खरोंच भी पहुंचाने की



लोगों की समस्याएं सुनते डीसी अजय नाथ झा।

कोशिश की गई तो प्रशासन कठोरतम कार्रवाई करेगा। डीसी ने निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक महिला अपने उसी घर में रहेगी। पुलिस-स्थानीय प्रशासन घर के एक हिस्से में शांता मुखर्जी एवं उसके परिजनों का सुरक्षित आवासन कराये। उन्होंने पीड़ित महिला को निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा भी दिया। इसके अलावा जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, शिक्षा विभागराजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास-बेरमो, चास अंचल कार्यालय, बीएसएल, नगर निगम, जिला नियोजन कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 61 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं-शिकायतों पर सुनवाई की और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन भी कर दिया। इस मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष आदि उपस्थित थे।

## जामताड़ा में बाल विवाह के खात्मे के लिए धर्म गुरुओं की साझा पहल

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** बाल विवाह को समाप्त करने के लिए 12 से 14 सितंबर तक वैश्विक अंतर धार्मिक सप्ताहांत की शुरुआत हुई है। इसी आलोक में जामताड़ा बनवासी विकाश आश्रम की पहल पर मां चंचला मंदिर के पुरोहित सोमेन मिश्रा और मस्जीद-ए-मोहम्मदी नूर मोहल्ला के धर्मगुरु मोहम्मद अलीमुद्दीन ने बाल विवाह मुक्त विश्व के लिये लोगों के समक्ष मंदिर, मस्जिद में संकल्प लिये। लोगों को अपने संदेश के माध्यम से बताया कि कभी भी किसी बच्चे का विवाह ना करायें। इस दौरान सभी ने बाल विवाह के खिलाफ कदम उठाने और इसकी रिपोर्ट करने की प्रतिज्ञा ली। धर्मगुरुओं ने बच्चों की शिक्षा, बालश्रम एवं बाल यौन शोषण सहित अन्य किसी भी प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से बच्चों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने का शपथ लिया। कहा कि किसी भी रूप में बाल विवाह होने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर बनवासी विकाश आश्रम के समन्वयक मनोरंजन कुंवर, सीएसडब्ल्यू राज किशोर यादव, शतिगोपाल महतो खुशबू देवी आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री से मिले अर्जुन मुंडा बीएसएल विस्तारीकरण पर हुई बात

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण को प्रारंभ होने में हो रही विलंब को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा ने दिल्ली में केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात की। उन्होंने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से इस परियोजना को झारखंड के विकास के लिए अहम बताया। साथ ही, विस्तारीकरण में आ रही



समस्याओं के निराकरण के लिए झारखण्ड सरकार के साथ भी बात करने के प्रति इस्पात मंत्री को आश्वस्त किया। इसकी जानकारी भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## सड़क हादसे में कंटेनर चालक की हुई मौत

राजगंज (आजाद सिपाही)। डालूडीह हाईवे पर शुक्रवार की सुबह हुए सड़क हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई। पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर बरेली से कोलकाता जा रहा था। वहीं, मृतक चालक की पहचान शिवा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक कंटेनर आगे खड़े एक टेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे बाहर निकाल रप धनबाद अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी।

## बीसीसीएल को अवैध मुहाने की भराई करने का दिया निर्देश

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी आदित्य रंजन की ओर से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में शुक्रवार को पुटकी के अंचल अधिकारी विकास आनंद की अध्यक्षता में पीबी एरिया स्थित गेस्ट हाउस में बीसीसीएल के महाप्रबंधक एवं पदाधिकारी, सीआइएसएफ के पदाधिकारी, थाना और ओपी प्रभारी के साथ बैठक हुई। इसमें कोयला, बालू व अन्य खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें थाना प्रभारी को अधिक छापामारी कर प्राथमिकी दर्ज करने और बीसीसीएल के पदाधिकारियों को अवैध खनन के हॉट स्पॉट की निगरानी एवं अवैध मुहाने की भराई का निर्देश दिया गया।

## डिजिटल इंटेलिजेंस फॉर ग्रीन माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल नेटवर्क्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# एआइ और डिजिटल इंटेलिजेंस आने वाले समय में खनन क्षेत्र की कार्यप्रणाली को पूरी तरह बदल देंगे : जयदीप दासगुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ) धनबाद के खनन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'डिजिटल इंटेलिजेंस फॉर ग्रीन माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल नेटवर्क्स' का शुभारंभ शुक्रवार से गोल्डन जुबली लेक्चर थियेटर में हुआ। शनिवार तक आयोजिन होने वाले सम्मेलन का उद्घाटन एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन) जयदीप दासगुप्ता ने किया। इस अवसर पर आइआइटी इंदौर की प्रो नीलिमा सत्याम और फ्रांस स्थित



डाटामाइन/जियोवेरिएंसेस के डॉ पेड्राम मसौदी मौजूद रहे। संस्थान के उपनिदेशक प्रो धीरज कुमार, खनन इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो बीएस चौधरी, सम्मेलन के संयोजक प्रो अनिंद्य सिन्हा और सह-संयोजक प्रो सिद्धार्थ अग्रवाल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जयदीप दासगुप्ता ने कहा कि खनन का भविष्य डिजिटल तकनीक और ग्रीन माइनिंग से जुड़ा है। यह सम्मेलन इस दिशा में नई राह दिखा रहा है। कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और डिजिटल इंटेलिजेंस आने वाले समय में खनन क्षेत्र की कार्यप्रणाली को पूरी तरह बदल देंगे। वबहीं, प्रो नीलिमा सत्याम ने टेक्समिन की उपलब्धियों की सराहना की। कहा कि खनन राष्ट्र निर्माण की रीढ़ है, जिसमें डिजिटलीकरण से नई संभावनाएं जुड़ेंगी। संस्थान के उपनिदेशक प्रो धीरज कुमार ने बताया कि माइनिंग 4.0 और 5.0 की दिशा में भारत तेजी से बढ़ रहा और भविष्य में रियल-टाइम डिजिटल वातावरण से खदानों का संचालन संभव होगा। इस दौरान सम्मेलन के पहले दिन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा (अमेरिका) के प्रो राजीव गांगुली, आइआइटी (आईएसएम) के पूर्व निदेशक प्रो डीसी पाणिग्रही, आईआईटी इंदौर की प्रो नीलिमा सत्याम और आईआईटी बॉम्बे के प्रो.आलोक पोरवाल शामिल थे।


श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

National Career Service

## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला।

## रोजगार मेला– 16 सितम्बर 2025

## रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–16.09.2025 (मंगलवार) के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान :– नगर भवन गुमला परिसर में।

| Sl N0 | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | DISHA FOUNDATION AND SOCIAL WELFARE SOCIETY. | MST Food Processing Trainer. (For Both Male and Female Candidates). | 02 | Diploma or B.Tech Pass. | 3-5 Years . | 18 to 45 Years. | 15,000/-to 20,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Fashion Designer Trainer (Only For Female Candidates). | 02 | B.A, MA, or Fashion Designing. | 3-5 Years. | 18 to 45 Years. | 15,000/-to 20,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | MIS Computer Operator. (For Both Male and Female Candidates). | 02 | Graduate Pass. | 2-3 Years. | 18 to 45 Years. | 12,000/-to 15,000/- Per Month | Gumla, Jharkhand. |
| | | Field Mobilizer. (For Both Male and Female Candidates). | 05 (03 For Male, 02 For Female) | Graduate Pass. | 2-5 Years. | 18 to 45 Years. | 12,000/-to 15,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 2 | Gumla Private ITI. | Fitter Training Officer. (For Male and Female Candidates). | 02 | Degree in Mechanical Engineering From AICTE /UGC Engineering College/ University (Desirable : CITS) | 1 Year Experience in Teaching. | 21 to 45 Years. | 9,000/-to 15,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | | | Diploma in Mechanical Engineering From AICTE /UGC Engineering College/ University (Desirable : CITS) | 2 Year Experience in Teaching. | 21 to 45 Years. | | |
| | | | | NTC/NAC (ITI) Passed in the trade of Fitter/ Mechanic Diesel (Desirable : CITS) | 3 Year Experience in Teaching. | 21 to 45 Years. | | |
| | | Electrician Training Officer. (For Male and Female Candidates). | 02 | Degree in Electrical Engineering From AICTE /UGC Engineering College/ University (Desirable : CITS) | 1 Year Experience in Teaching. | 21 to 45 Years. | 9,000/-to 15,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | | | Diploma in Electrical Engineering From AICTE /UGC Engineering College/ University (Desirable : CITS) | 2 Year Experience in Teaching. | 21 to 45 Years. | | |
| | | | | NTC/NAC (ITI) Passed in the trade of Electrician. (Desirable : CITS) | 3 Year Experience in Teaching. | 21 to 45 Years. | | |
| 3 | SCIENCE CENTRE GUMLA. | Physics Teacher for Intermediate Classes. (For Male and Female Candidates). | 02 | B.Sc or M.Sc in Physics Pass. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/-Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Maths Teacher for Intermediate Classes. (For Male and Female Candidates). | 01 | B.Sc or M.Sc in Mathematics Pass. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/-Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Chemistry Teacher for Intermediate Classes. (For Male and Female Candidates). | 01 | B.Sc or M.Sc in Chemistry Pass. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/-Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 4 | SGRS Academic Private Limited. | Asst. Electrician Trainer (For Male and Female Candidates). | 8 | B.E/ B.Tech Electricals, ITI/ Diploma Electricals (TOT Certification From NSDC). | 3 years Experience in Skill Sector as a Trainer (DDUKK). | 24 to 30 Years. | 20,000 /- Per Month. | Daltonganj,Thakurgaon,Ranchi, Jharkhand. |
| | | Specialized Sewing Machine Operator (SSMO) (For Male and Female Candidates). | 10 | ToT Certification Experience, Working as a Trainer in Skill Sector (Good Presentation and Communication Skills / Batch Handling/ Stitching / Cutting/Garment/Construction). | 2 years Experience in Skill Sector as an SSMO/ SMO Trainer. | 22 to 30 Years. | 15,000 /- Per Month. | Patamda, Potka, Lateher, Balumath, Jharkhand. |
| | | MIS Executive Cum IT Trainer (For Male and Female Candidates). | 04 | BCA/ MCA/ B.Sc. IT (Fresher are also Eligible). | 06 months to1 years Experience As an MIS cum IT Trainer profile. | 22 to 30 Years. | 14,000 /- Per Month. | Latehar, Jharkhand. |
| | | Drivers (For only Male Candidates). | 05 | 10th Pass/ 12th Pass, Driving License Mandatory. | 3 Years Working Experience of Four wheeler Driving as a driver in school. | 20 to 35 Years. | 14,000 /- Per Month. | Gumla, Patamda, Potka, Ranchi, Jamshedpur, Jharkhand. |
| | | Sewing Machine Operator Trainer (SMO) (For Male and Female Candidates). | 10 | TOT Certification Experience Working as a Trainer in Skill Sector (Good presentation and communication skill/ Batch Handling / Stitching/ Cutting /Garment/ Construction). | 2 years Experience in Skill Sector as an SMO Trainer. | 22 to 30 Years. | 15,884 /- Per Month. | Gumla, Tatisilwai, Jamshedpur, Dumka, Sahebganj, Jharkhand. |
| | | Beautician cum Fashion Design Trainer (For Male and Female Candidates). | 03 | TOT Certification Experience Working as a Trainer in Skill Sector (Good presentation and communication skill/ Batch Handling / Stitching/ Cutting / garment construction Beautician Skills. | 2 years Experience in Skill Sector as an SMO Trainer. | 22 to 30 Years. | 15,000 /- Per Month. | Dumka, Jharkhand. |
| | | Cook (For Male and Female Candidates). | 03 | Non Matric. | Experience in Making Indian Food | 25 to 35 Years. | 14,000 /- Per Month. | Jamshedpur, Thakurgaon,Ranchi, Jharkhand. |
| 5 | SIS Limited. | Security Guard For (TMH Hospital Jamsedpur). | 40 | 10th Pass (Height 168cm) Only For Male Candidates. | Nil | 19 to 40 Years. | 16,000/- Per Month. (For 8 hours working). | Bistupur, Jamsedpur, Jharkhand. |
| | | Security Guard For (Amalgam Steel, Gamahria). | 60 | 10th Pass (Height 168cm) ) Only For Male Candidates. | Nil | 19 to 40 Years. | 24,000/- Per Month. (For 12 hours working). | Gamahria, Saraikela-Kharshawan, Jharkhand. |
| | | Security Guard For (Sree Cement Pvt L.td). | 50 | 10th Pass (Height 168cm) Only For Male Candidates. | Nil | 19 to 40 Years. | 18,000/- Per Month. (For 12 hours working). | Sambalpur, Odisha. |
| | | Security Guard For (JSW Jindal Group). | 10 | 10th Pass (Height 170 cm) Only For Male Candidates. | Nil | 21 to 40 Years. | 26,000/- Per Month. (For 8 hours working). | Bokaro, Jharkhand. |
| 6 | SAHU NARSING HOME, GUMLA. | O.T Technician (For Male and Female Candidates). | 01 | O.T Technician. | Nil | 18 to 30 Years. | 5,000/-to 9,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Dresser (For Male and Female Candidates). | 01 | Dresser. | Nil | 18 to 30 Years. | 4,000/-to 8,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Medical Staff (For Male and Female Candidates). | 01 | 12th Pass. | Nil | 18 to 30 Years. | 5,000/-to 8,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 7 | V MART SISAI ROAD GUMLA. | Sales Man. | 02 | 12th Pass | 6 Month. | 18 to 28 Years. | 8,000/-to Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Floor Manager. | 01 | 12th Pass. | 1 Years. | 18 to 28 Years. | 11,000/-to Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 8 | ANKIT ENTERPRISES, JASHPUR ROAD, GUMLA. | Accountant (For Male and Female Candidates). | 01 | Graduate and Tally + MS Office Pass. | 3 Years. | 18 to 28 Years. | 15,000/- to 18,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Sales Executive (For Male and Female Candidates). | 01. | Graduate and Tally + MS Office Pass. | 1 Years. | 18 to 28 Years. | 11,000/- to 12,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Service Executive (For Male Candidates). | 01 | Graduate. | 1 Years exp in Automobile sector. | 18 to 28 Years. | 11,000/- to 12,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 9 | VIR SUBHASHCHANDRA BOSE SEVA SANSTHA. | Computer Trainer (For Male and Female Candidates). | 03 | BCA/ Graduate Pass. | 2 Years. | 21 to 25 Years. | 10,000/- to 12,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Nursing (GDA) Trainer (For Female Candidates). | 04 | GNM/ ANM, B.Sc Nursing Pass. | 1-3Years. | 21 to 25 Years. | 12,000/- to 20,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Beautician Trainer (For Female Candidates). | 02 | Graduate Pass. | 2 Years. | 21 to 25 Years. | 10,000/- to 15,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Food Processing Trainer, Bakery and cake Specialist, (For Male and Female Candidates). | 03 | Graduate Pass. | 2 Years. | 21 to 25 Years. | 15,000/- to 20,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | IT / Soft Skill and Communication skill with Personality Development Trainer, (For Male and Female Candidates). | 04 | Graduate Pass. | 2 Years. | 21 to 25 Years. | 10,000/- to 12,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Moblilizer (For Male and Female Candidates). | 04 | 12th Pass. | 2 Years | 21 to 25 Years. | 15,000/- to 20,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Trainer of fashion Designer (For Male and Female Candidates). | 03 | Graduate Pass. | 3 Years | 21 to 25 Years. | 12,000/- to 15,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Receptionist (For Female Candidates). | 02 | 12th Pass. | Fresher. | 21 to 25 Years. | 8,000/- to 10,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Female Warden (For Female Candidates). | 02 | 10th Pass. | Fresher. | 21 to 35 Years. | 8,000/- to 10,000/- Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Cook (For Female Candidates). | 01 | Non Matric. | 2 Years Experience in Making Indian Food. | 20 to 35 Years. | 12,000/- to 15,000/- Per Month | Gumla, Jharkhand. |
| 10 | QUESS CORPORATION L.td. | Trainee (For Male and Female Candidates). | 500 | 12th /ITI Pass. | Fresher | 18 to 23 Years. | 17,000/-Per Month. | Gujrat. |
| | | Associate (For Female Candidates). | 500 | 10th , 12th Pass. | Fresher. | 18 to 27 Years. | 13,479/-Per Month. | Tamilnadu. |
| 11 | CHAITANYA INDIA FIN CREDIT PVT LTD. | Swatantra Field Officer. (For Male Candidates). | 50 | 10th,12th Pass. | Fresher. | 18 to 28 Years. | 12,770/- Per Month Gross Plus Incentive Plus Fuel Expenses, Plus Accomodation Free. | Latehar, Daltanganj, Palamu, Jharkhand. |
| 12 | FRIENDS MOTORRAD, BULLET SHOWROOM, GUMLA. | C.R.E Customer Relationship Executive (For Female Candidates). | 01 | 12th Pass | 1Years Experience. | 20 to 25 Years. | 8,000/-Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | C.D.M Customer Delight Manager (For Male and Female Candidates). | 01 | Graduate Pass . | 2Years Experience. | 20 to30 Years. | 10,000/-Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| | | Technician (For Male Candidates). | 01 | 12th Pass. | 2Years Experience as Mechanic. | 20 to 30 Years. | 10,000/-Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 13 | ADEPTINFOSYS CONSULTANCY PRIVATE LIMITED. | Machine Operator (For Male and Female Candidates). | 50 | Graduate Pass. | Nil | 18 to 30 Years. | 19,500/-Per Month. | Ahmedabad. |
| | | CNC Machine Operator (For Male and Female Candidates). | 50 | 10th ,12th , ITI Pass. | Nil | 18 to 30 Years. | 15,000/-Per Month. | Haridwar. |
| | | Machine Operator (For Male Candidates). | 100 | 10th, 12th Pass, ITI pass, Graduate Pass. | Nil | 18 to 35 Years. | 17,000/-Per Month. | Ahmedabad. |
| | | CNC Machine Operator (For Male Candidates). | 50 | ITI Pass. | Nil | 18 to 30 Years. | 15,000/-Per Month. | Haridwar. |
| | | Sewing Machine Operator (For Female Candidates). | 50. | 10th Pass. | Nil | 18 to 35 Years. | 12,000/-Per Month Plus Lodging and Fooding. | Tamilndu. |
| 14 | LIC OF INDIA, GUMLA BRANCH. | LIC Bima Sakhi (Only For Female). | 50. | 10th, 12th Above Pass. | Nil. | 30 to 65 Years. | Commission Plus 7,000/- Stipend, Per Month. | Gumla, Jharkhand. |
| 15 | MAHINDRA SHOWROOM GUMLA, (NEXGEN SOLUTION TECHNOLOGIES PVT. LTD). | Field Sales Consultant. | 04 | Graduate Pass. | Experience . | 21 to 50 Years. | 12,000 to 15,000 /- Per Month Plus Incentive Plus TA. | Gumla, Jharkhand. |
| | | | | | Fresher. | 21 to 35 Years. | 10,000 to 12,000 /- Per Month Plus Incentive Plus TA. | |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण **Self Attested Copies of Aadhar Card, Pan Card, Educational Mark sheet and Residential, Caste Certificate** (यदि हो तो) उसकी एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ रोजगार मेला में उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है, चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

PR 361708 Labour Employment and Traning(25-26)D

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

## दिल्ली-एनसीआर ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिए

# पूरे देश को साफ हवा का हक : सुप्रीम कोर्ट

- दिल्ली के लिए पॉलिसी नहीं बना सकते

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर चीफ जस्टिस गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है, तो पूरे देश में बैन करना चाहिए। साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास हैं। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गयी है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित



करने की मांग की गयी है। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बैन मामले पर अप्रैल में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे बेहद जरूरी बताया था। कोर्ट का कहना था कि प्रतिबंध को कुछ महीनों तक सीमित करने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। लोग पूरे साल पटाखों को इकट्ठा करेंगे और उस समय बेचेंगे, जब बैन लगा होगा।

### कोर्ट रूम में दलील और बेंच की टिप्पणी

बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को इस मामले में नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि कुलीन वर्ग अपना ध्यान रखता है। प्रदूषण होने पर वे दिल्ली से बाहर चले जाते हैं। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि वे प्रदूषण के मामले में डिटेल रिपोर्ट लें। लॉ ऑफिसर ने कहा कि नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट जांच कर रहा है कि क्या ग्रीन पटाखों से प्रदूषण कम हो सकता है या नहीं। पटाखा बनाने वाली कंपनियों के वकील ने सुझाव दिया कि नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट यह बताये कि पटाखों में कौन-कौन से केमिकल कितनी मात्रा में इस्तेमाल किए जा सकते हैं, ताकि कंपनियां उन्हें अपने पटाखों में शामिल कर सके। कुछ अन्य पक्षों की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील के. परमेश्वर ने चिंता जताई कि पटाखों पर बैन के साथ-साथ अधिकारियों ने उनके मौजूदा लाइसेंस भी रद्द करना शुरू कर दिए हैं। बेंच ने कहा कि फिलहाल पटाखों के लाइसेंस रद्द करने के मामले में स्थिति जैसी है वैसी ही बनी रहेगी।

# भाजपा के सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह बीजेपी कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा कार्यकम की शुरुआत की गयी। इसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व बोकारो विधायक बिरंची नारायण, पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे अन्य लोक सम्मिलित हुए। इसमें सूर्या हंसदा की हत्या की सीबीआइ जांच और आदिवासियों के हक के समर्थन में भाजपाइयों ने जोरदार आवाज उठाया गया।

सेवा पखवाड़ी में वर्तमान समय में अमेरिका द्वारा 50% टैरिफ को लेकर पीएम मोदी द्वारा यहां निवास कर रहे व्यापारियों,




किसान वर्ग को ध्यान में रखते हुए सारी उपयोगी वस्तुओं पर जीएसटी को कम कर महंगाई को नियंत्रण में रखने का काम किया, इसकी सराहनी की गयी।

जीएसटी को कम करने का एलान अगले 22 सितंबर से लागू भी हो जायेगा। इससे यहां के सभी वर्ग के लोगों को बहुत राहत मिलेगी। कार्यशाला में प्रत्येक मंडल से नेता और कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने लांच किया ज्ञान भारतम पोर्टल

- प्राचीन पांडुलिपियों को मिलेगा डिजिटल जीवन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरूआत की। ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है।

बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा। इसके तहत पूरे देश में फैली एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को चिन्हित कर उन्हें डिजिटाइज,



संरक्षित और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जायेगा। ये पांडुलिपियां विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में रखी गयी हैं।

**पोर्टल के लिए बने आठ विशेष समूह :** ज्ञान भारतम पोर्टल के तहत बनाये गये आठ विशेष कार्य समूहों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अपने-अपने क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की प्रस्तुति दी। ये समूह पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण तकनीक, मेटाडेटा मानकों के निर्धारण, कानूनी ढांचे के विकास, सांस्कृतिक कूटनीति, और प्राचीन लिपियों को पढ़ने व समझने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर काम करेंगे। इन कार्य समूहों का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान धरोहर को संरक्षित कर डिजिटल रूप में भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

# नौ महीने तक गिरने के बाद अगस्त में फिर बढ़ी खुदरा महंगाई, मुद्रास्फीति दर 2.07 प्रतिशत हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (-) 0.69 प्रतिशत थी।

एनएसओ ने कहा कि अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल



और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर बनी रहे, और दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन हो।

**नवंबर 2024 के बाद महंगाई दर में जारी थी गिरावट :** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) में नौ महीनों तक लगातार गिरावट के बाद मुद्रास्फीति में यह वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 से इसमें गिरावट जारी थी। अगस्त 2024 में मुद्रास्फीति 3.65 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 में वार्षिक खाद्य मुद्रास्फीति (-) 0.69 प्रतिशत थी। एनएसओ ने कहा कि अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है।

**ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति बढ़कर 1.69 हुई :** ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 1.18 प्रतिशत थी। देश के शहरी इलाकों में यह क्रमिक आधार पर 2.1 प्रतिशत की तुलना में 2.47 प्रतिशत रही।

## चार्ली किर्क को गोली मारनेवाला संदिग्ध गिरफ्तार

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को बताया है कि अमेरिका के दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क का संदिग्ध हत्यारा पकड़ा गया है। ट्रंप ने कहा है कि बड़े पैमाने पर चलाये गये तलाशी अभियान के बाद हत्या के संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। फॉक्स न्यूज को दिये एक लाइव स्टूडियो इंटरव्यू में ट्रंप ने यह भी कहा है कि संदिग्ध के किसी करीबी ने ही उसे पकड़वाया है। ट्रंप ने बताया कि ट्रंप ने बताया, मुझे पूरा यकीन है कि वह हमारी हिरासत में है। उसके किसी बेहद करीबी ने ही उसे पकड़वाया है। गौरतलब है कि बीते बुधवार को ट्रंप के करीबी सहयोगी और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की अमेरिका के यूटा में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा पायलट ने उड़ान रोकी नहीं, मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार को कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर द400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। इसके बावजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गयी। हालांकि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और खुद टर्मिनल तक पहुंचा। सभी 75 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है इसके पहले मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो के ए321 प्लेन की टेल (पिछला हिस्सा) रनवे से टच हो गया था। पायलट ने लैंडिंग के बजाय गो-अराउंड करने का फैसला लिया। इसी दौरान विमान की टेल रनवे से टकरा गयी थी।





# खूंटी : कर्रा प्रखंड के कई गांवों में कुंवारी लड़कियां करती हैं जीवित्पुत्रिका का व्रत

- लड़कियां बिना अन्न-जल के निर्जला उपवास करती हैं। शाम में अखड़ा में एकत्र होती हैं, जहां पाहन जितिया की कथा सुनाता है

अनिल मिश्रा

**खूंटी।** झारखंड के जनजातीय समाज और सदानों के सबसे प्राचीन पर्व-त्योहारों में जितिया या जीवित्पुत्रिका एक पर्व है। यह पर्व माताएं अपनी संतान के दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए करती हैं। जिस महिला के बाल-बच्चे ना हों, तो उसे जितिया का उपवास या पूजा करने की मनाही है, लेकिन खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के कई गांवों में कुंवारी लड़किया जितिया का उपवास करती हैं। बताया जाता है कि अच्छा वर और समृद्ध घर-परिवार पाने की कामना के लिए कुंवारी लड़किया जितिया की पूजा-अर्चना करती हैं। कर्रा प्रखंड के पहाड़ टोली, बिरदा, बमरजा, कुरकुरिया, बुढ़ीरोमा, डुमरगड़ी, खटंगा सहित कई गांवों में बच्चियां और कुंवारी लड़कियां जीपितपुत्रिका का उपवास करती हैं। जितिया की पौराणिक कथाओं में भी इस बातत का वर्णन मिलता है कि माताएं अपनी संतान के दीघार्यु और संकट से बचाने के लिए निर्जला उपावास करती हैं। पहाड़टोली गांव के केडी गुरु और उपेंद्र पाहन बताते हैं कि जितिया का व्रत करने वाली लड़कियां भाद्रपद महीने की पूर्णिमा तिथि को पत्ते के बड़े दोना या किसी बांस के



बने पात्र में नहा-धोकर नदी से पवित्र बालू लाती हैं और उसमें गेहूं, धान, मकई आदि आठ प्रकार के अनाज के बीज डालती हैं और हर दिन स्नान करने के बाद उसमें पवित्र जल डालती हैं। कुछ ही दिनों में वहां पौधे तैयार हो जाते हैं, जिसे जावा कहा जाता है। जिस व्रती का जावा जितना अधिक बड़ा और पुष्ट होगा, उसे काफी अच्छा माना जाता है। जावा रोपने के आठ दिनों के बाद आश्विन महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शाम को गांव का पाहन पीपल पेड़ की तीन छोटी टहनियों को लाकर लोगों के घरों में गाड़कर पूजा-अर्चना करता है। गांव के अखड़ा में करम की डाली को गाड़कर पूजा-अर्चना की जाती है। उस दिन सभी लड़कियां बिना अन्न-जल के निर्जला उपवास करती हैं। शाम को पूरे गांव के लोग अखड़ा में जमा होते हैं, जहां पाहन पूजा कराता है और जितिया की कथा सुनाता है। पूजा के बाद लड़किया सभी लोगों को प्रसाद के साथ जावा देती हैं। सूर्योदय से पहले ही जितिया (पीपल की टहनियां) को किसी नदी जलाशय में प्रवाहित कर दिया जाता है। कही-कहीं पर टहनियों को चौराहे पर फेंकने की भी परंपरा है। सबसे बड़ी बात कि जब तक घर में जावा रहता है, तब तक घर में मांस मदिरा के सेवन पर पूरा प्रतिबंध रहता है। गुफू पहाड़ओली गांव के सेना के सेवानिवृत्त जवान और जानेमाने समाजसेवी केडी गुरु बताते हैं कि कुछ गांवों में जितिया के दिन पीपल की टहनियों की जगह करम की डालियों को गाड़कर पूजा-अर्चना की जाती है, पर पूजा जितिया के दिन ही होती है। आमतौर पर करमा का पर्व भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है, पर कर्रा के पश्चिमी क्षेत्र में करमा का पर्व जितिया के दिन मनाया जाता है। उपेंद्र पाहन ने फोन पर बताया कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और आज भी भी जितिया का त्योहार उसी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।




VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**